CMYK

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


# सामिआ इन्टर नेशनल बिल्डर्स लि.

## के स्थापना दिवस 19 सितम्बर 2025 को 23 वे वर्ष में गौरव पूर्ण प्रवेश

## हमारे गौरव पूर्ण पल






**MAKE IN INDIA CONCLAVE 2025**





श्री जीतन राम माँझी कैबिनेट मंत्री भारत सरकार (पूर्व मुख्यमंत्री बिहार) के द्वारा सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स को किया सम्मानित





अमर उजाला बिजनेस एक्सीलेंस 2024 कार्यक्रम अमर उजाला समूह व हमारी कंपनी सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड के साथ (UAE दुबई) में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के द्वारा सम्मानित

## सामिआ इन्टरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट्स












लंदन में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

Awarded In House Of Lord London (Birtish Parliament)
With Minister Of Technology England
Mr Paul Scully And Shri Kc Tyagi Ji Ex Mp Indian Parliament Both House

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के नेता नजरबंद किए जा रहे: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने प्रशासन पर नेताओं को नजरबंद करने का आरोप गुरुवार को लगाया। उन्होंने कहा हुर्रियत के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सोपोर जाने नहीं दिया जा रहा और राजनेताओं को नजरबंद किया गया है। उदारवादी हुर्रियत नेता दिवंगत भट (90) का कल शाम सोपोर के बोटेंगो गांव स्थित घर पर संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। इसके बाद कल देर रात उन्हें उनके पैतृक गांव में दफना दिया गया। अपने सोशल मीडिया एक्स के एक पोस्ट में सुश्री महबूबा ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को श्रद्धांजलि देने से रोकने के लिए उन्हें नजरबंद करने का निर्णय जम्मू-कश्मीर प्रशासन की कठोर और अलोकतांत्रिक वास्तविकता को दिखाता है।

### इच्छुक कर्मचारी समय से पहले चुनें यूपीएस का विकल्प

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में जाने के इच्छुक अपने पात्र कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों को 30 सितम्बर को समय सीमा समाप्त होने से पहले इसके लिए आवेदन करने का आग्रह किया है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एनपीएस से यूपीएस में जाने के लिए अंतिम समय सीमा 30 सितम्बर है और इसके लिए इच्छुक केंद्र सरकार के पात्र कर्मचारियों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए, ताकि अंतिम समय में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

# जीएसटी सुधार कर प्रणाली में ऐतिहासिक कदम: योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार, भारत की कर प्रणाली में अपनी शुरुआत से अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है।

योगी ने अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अब इन्हें सरल बनाकर केवल दो मुख्य स्लैब में विभाजित कर दिया गया है, जो पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत है। यह कदम आम आदमी के लिए एक बड़ी राहत है, चाहे वह घर की रसोई हो या किसान। आवास निर्माण से लेकर राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं तक। साथ ही यह सुधार उपभोग क्षमता को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगा और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, जिसका प्रभाव 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के क्षेत्रों पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने देश की स्वतंत्रता के अवसर पर देश के सामने जो टैक्स रिफार्म के बारे में जो चर्चा की थी, वह 20 दिन में जनता के सामने आ गए हैं और 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का देशवासियों के लिए टैक्स रिफार्म दीपावली का उपहार भी है।

## कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कई बेसिक शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं।संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय के स्तर से बुधवार को जारी स्थानांतरण सूची में शामिल गाजीपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव को वाराणसी में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक के पद पर तैनाती दी गई है। बिजनौर के बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र कुमार को उत्तर प्रदेश का पाठ्य पुस्तक अधिकारी बनाया गया है। रायबरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह को डायट लखनऊ का उप प्राचार्य और उन्नाव की बीएसए संगीता सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक गोरखपुर के पद पर तैनाती दी गई है।

# दस जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस के तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने त्योहारों से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए दस जिलों के कप्तान समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 16 अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

गुरुवार को जारी तबादला सूची के अनुसार आजमगढ़, देवरिया, अलीगढ़, उन्नाव, कुशीनगर, प्रतापगढ़, औरैया, सोनभद्र , हरदोई, अंबेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, लखनऊ में तैनात जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया का एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़ का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, हरदोई की जिम्मेदारी मिली है। एसपी, रेलवे आगरा में तैनात अभिषेक वर्मा

■ **आजमगढ़ से लखनऊ बुलाए गए हेमराज मीणा, संतोष मिश्रा का भी किया गया तबादला**

को सोनभद्र का एसपी बनाया गया है। एसपी, उन्नाव दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार-।। को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ बनाया गया है। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर को पुलिस अधीक्षक, अंबेडकरनगर बनाया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महा. निदेशक, उप्र भेजा गया है। देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक भेजा गया है। प्रयागराज में 4 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है। सेनानायक और उपस. नानायक, 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को सेनानायक, 4 वाहिनी पीएसी, प्रयागराज बनाया गया है।

### सीआईडी ने 18 महीने में ईसी को 18 पत्र भेजे, लेकिन नहीं दिया जवाब

# वोट चोरी को छिपा रहा चुनाव आयोग: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कर्नाटक में अलंद विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) कर रहा है और इस मामले में उसने स्पष्टीकरण मांगते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखे हैं, लेकिन आयोग उसके सवालों का जवाब नहीं दे रहा है।

खड़गे ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले की जांच कर रही सीआईडी ने 18 महीनों में मुख्य चुनाव आयोग को 18 पत्र लिखे, लेकिन आयोग ने दोषियों का पता लगाने के लिए जरूरी अहम जानकारी को दबा दिया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के इस मामले में ठोस सबूतों के साथ कांग्रेस नेता राहुल

■ **कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-आयोग ने दोषियों का पता लगाने के लिए अहम जानकारी को दबा दिया है**

गांधी ने कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले का पूरी तरह से पर्दाफाश किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इससे तीन अहम सवाल उठते हैं -चुनाव आयोग किसे बचा रहा है।

क्या भाजपा उन संस्थानों को खोखला कर रही है, जिनका काम हमारे लोकतंत्र की रक्षा करना है और क्या हम ऐसे लो. कतंत्र को बर्दाश्त कर सकते हैं जहां चुनाव प्रणाली को 'वोट चोरी फैक्ट्री' के जरिए पूरी तरह से ध्वस्त किया जा रहा हो। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गंभीर सवाल हैं और इन सवालों को देश के लोगों और खासकर युवाओं से जोरदार तरीके से पूछने की आवश्यकता है।

## देश में बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल गांधी : भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतंत्र पर प्रहार कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अस्थिरता पैदा कर बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं। पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने यहां गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 90 चुनाव हारने में बाद कांग्रेस और उनके प्रमुख नेता हताश हैं, जिसके चलते निराधार आरोप लगाना गांधी की अब आदत बन गई है। ठाकुर ने कहा कि गांधी का चुनाव आयोग पर ताजा आरोप 'हाइड्रोजन बम की जगह फुलझड़ी' साबित हुआ है, क्योंकि आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी का वोट नहीं काटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी से जब लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए कहा जाता है, तो वह पीछे हट जाते हैं, शपथ पत्र देने को कहा जाता है, तो मुकर जाते है और आधारहीन आरोप लगाना उनकी आदत बन गई है। भाजपा नेता ने गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग पर गलत और निराधार आरोप लगाना, कभी वीवीपैट, कभी ईवीएम, कभी चुनावी नतीजों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, कभी टूलकिट के सहारे भारत की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना, उनकी आदत बन चुकी है।

# कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीट रहे: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

डृग उत्पादक व निर्यातक देशों में चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत 23 देशों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को शामिल किए जाने पर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने ड्रग उत्पादक और निर्यातक देशों में शामिल किया जाना देश के लिए बेहद शर्मनाक है। साथ ही उन्होंने पूछा है कि कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भाजपा के लोग हवन पूजन करते फिर रहे थे, जीत की कामना कर रहे थे और खुशियां मना रहे थे, पटाखे फोड़ रहे थे उसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत का घोर अपमान किया। भारत को ड्रग्स उत्पादक एवं निर्यातक देशों में पाकिस्तान के साथ ही सूची में डाल दिया, यह देश के लिए बेहद शर्मनाक है। कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था।



### लोकल मेनिफेस्टो पर सपा का फोकस

**लखनऊ।** 2027 विस चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का फोकस 'लोकल मेनिफ़ेस्टो' पर होगा। अखिलेश यादव ने आगरा, हाथरस, मथुरा के बाद तीन और शहरों के नाम सुझाएं हैं, जिनमें नोयडा लोकल मेनिफ़ेस्टो, गाजियाबाद लोकल मेनिफ़ेस्टो और बागपत लोकल मेनिफ़ेस्टो शामिल है।



सेंसेक्स 83013.96
निफ्टी 25423.60



सोना रु. 109264
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 126000
प्रति किलो



# फेड के ब्याज दर घटाने से शेयर बाजारों में रौनक

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब ढाई महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415.21 अंक की बढ़त के साथ 83,108.92 अंक पर खुला और अंत में 320.25 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 83,141.21 अंक और नीचे 82,704.92 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 110.80 अंक की तेजी में 25,441.05 अंक पर खुला और अंत में 93.35 अंक चढ़कर 25,423.60 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 25,448.95 अंक निचला स्तर 25,329.75 अंक रहा। फार्मा और आईटी सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही, जिनके कारोबार का बड़ा हिस्सा अमेरिका के जुड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने



बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। इसकी उम्मीद पहले से ही की जा रही थी। इस कारण पिछले सप्ताह से ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में पूंजी निवेश बढ़ा दिया है। लिवाली के दम पर सेंसेक्स 10 जुलाई के बाद पहली बार 83,000 अंक के ऊपर बंद हुआ है। निफ्टी-50 भी 09 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर पर रहा। एचडीएफसी बैंक, इटरनल, इंफोसिस, सनफार्मा, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलि. वर और पावरग्रिड के शेयर भी मजबूत हुए। सबसे अधिक 1.13 फीसदी की गिरावट टाटा मोटर्स में देखी गई। ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक भी नुकसान उठाने वाली सेंसेक्स की आठ कंपनियों में शामिल थीं। चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 0. 37 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और फार्मा के अलावा एफएमसीजी, वित्तीय सेवा, धातु, निजी बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में लिवाली रही। वहीं सार्वजनिक बैंक, तेल एंव गैस और रियलिटी समूहों में बिकवाली का जोर रहा। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

हांगकांग के हैंगसेंग में 1.35 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.15 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.22 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत की बढ़त में कारोबार कर रहा था।

## आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने और चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई। सोना 469 गिरकर 1.09 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया, चांदी भी 1.26 लाख किलो बिक रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 469 रुपए गिरकर 1,09,264 पर आ गया है। इससे पहले कल ये 1,09,733 रुपए पर था। गिरावट के समय हर निवेशक सोना खरीदने का प्लान बना रहा है।सोने और चांदी में निवेश से जुड़े सवाल कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया और या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता के अनुसार शॉर्ट टर्म में सोने और चांदी में कितनी करेक्शन देखी जा सकती है? या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता का कहना है कि सोने का भाव 106000 रुपये से 107000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ऐसे ही चांदी का दाम 1,20,000 रुपये से 122,000 रुपये तक जा सकता है।

# कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण पर जोर



**नई दिल्ली।** तिलहन और दलहन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि मंत्रालय प्रति हेक्टेयर उत्पादकता पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने की योजना तैयार करेगा। मंत्रालय एक स्थायी कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दे रहा है और दलहन- तिलहन पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा।

फसल विविधीकरण के महत्व को समझाते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दलहन और तिलहन की खेती न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि पोषण सुरक्षा को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि भारत का चावल और गेहूं का प्रोडक्शन पहले से ही वैश्विक स्तर पर है, इसलिए दलहन और तिलहन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रति हेक्टेयर प्रोडक्टिविटी पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने के लिए एक रणनीति विकसित की जाएगी। चावल और गेहूं की तुलना में दलहन और तिलहन का उत्पादन कम होने के बारे में बताते हुए चौहान ने आगे कहा कि मैंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों से आग्रह किया है कि दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने में कोई कसर न छोड़ें। साथ ही ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों। दलहन और तिलहन पर विशेष जोर देते हुए फसल विविधीकरण पर बोलते हुए हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने मृदा स्वास्थ्य, पोषण सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए दलहन और तिलहन को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक टिकाऊ फसल पद्धतियों की ओर रुख करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। राज्यों में सफल फसल विविधीकरण के लिए नीतिगत समर्थन, जागरूकता और बाज़ार संपर्क प्रमुख फैक्टर हैं।

■ **ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों: चौहान**

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...** बुनियादी ढांचे को पंगु बना दिया है। बिजली आपूर्ति तुरंत ठप हो गई, और महत्वपूर्ण सड़कों को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिससे संपर्क टूट गए हैं और सभी आवाजाही रुक गई है। सेरा रोड पर एक पेट्रोल पंप मलबे में दब गया है, और बिजली न होने के कारण, मोबा. इल नेटवर्क भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे प्रभावित समुदाय और भी अलग-थलग पड़ गए हैं और राहत प्रयासों में बाधा आ रही है। दूसरी ओर वहीं देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं।

**साध्वी प्रज्ञा...** दर्ज हुए थे या नहीं। अदालत के सवालों का जवाब गुरुवार को एडवोकेट मतीन शेख और एडवोकेट शाहिद नदीम ने मौखिक और लिखित रूप से दिया, जिसके बाद दो जजों की बेंच नोटिस जारी करने पर राज़ी हुई। अधिवक्ताओं ने अदालत में सभी छह याचिकाकर्ताओं के दस्तावेज़ भी जमा किए और सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले की प्रति भी पेश की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों को निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल करने का कानूनी अधिकार दिया है। पहली सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने मौखिक टिप्पणी की थी कि बम धमाका जैसे संवेदनशील मामले में किसी को भी अपील दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, इसलिए याचिकाकर्ता पहले अदालत को संतुष्ट करें, उसके बाद ही नोटिस जारी होगा। अब बम धमाका पीड़ित जमीयत उलमा-ए-हिंद की कानूनी सहायता समिति के माध्यम से फिर से इंसाफ के लिए अदालत पहुंचे हैं और हाईकोर्ट ने उनकी अर्जी पर देर से ही सही लेकिन नोटिस जारी कर दिया है। यानी अब आरोपियों को अदालत में जवाब देना होगा। तीन दिनों तक बॉम्बे हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई चली, जिसके बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकीलों की दलीलें सुनकर अदालत ने याचिका को सुनवाई के लिए मंज़ूर कर लिया है। अब यह एनआईए की नैतिक और संवैधानिक ज़िम्मेदारी बनती है कि वह भी बाम्बे हाईकोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ पिटीशन दाख़लि करे। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि बम धमाका पीड़ितों ने अपना जमीयत उलमा पर पूरा भरोसा जताया और उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की अनुमति दी, जिसके बाद ही हमारे अधिवक्ताओं ने अर्जी दाखिल की जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के दौरान देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं लेने का प्लान बनाया जाएगा और हाईकोर्ट में पूरी गंभीरता से मुकदमे की पैरवी की जाएगी।

**'वोट चोरी'...** नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए जिसके उनके पास सबूत हैं। यह काम सिर्फ आलंद में ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी उसी तरीके से हुआ है और वहां 6,850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरह से 'वोट चोरी' का काम किया जा रहा है। यह चोरी केंद्रीकृत रूप में हो रही है ओर इसके मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिनके वोट काटे जा रहे हैं उन्हें इसका पता ही नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'वोट चोरी' एक बीएलओ के जरिये पकड़ी गई, जिसके रिश्तेदार का वोट काट दिया गया था। बीएलओ ने पता किया, तो पता चला कि उनके रिश्तेदार का वोट उसी के पड़ोसी ने कटवाया है।

# नवम्बर में उत्तर प्रदेश में होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच लाख करोड़ से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े आठ वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली। अब आगामी नवंबर माह में जीबीसी 5 के आयोजन की तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्एक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ ही होनी चाहिए। अपनी भूमि के साथ हर किसी का एक भावनात्मक संबंध होता है। यह उसके जीवन भर की पूंजी है। यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है, तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। कहीं से भी उत्पीड्न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। संवाद और समन्वय से यह काम बड़ी आसानी से हो सकता है। सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। यह समय की मांग है, इसी में किसानों का हित है। निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बधने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। यहां बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय हों। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को और बेहतर करने के लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है।

■ **पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं उतरेंगी जमीं पर**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीटा जा रहा था: अखिलेश यादव पेज 2




21 सितम्बर को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान खेल टाइम्स



सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे सम्पादकीय



सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम रक्षा समझौता दोनों मिलकर देंगे हमले का जवाब पेज 12

# बोइंग-हनीवेल कंपनियों पर अमेरिका में मुकदमा दर्ज

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश**

**वाशिंगटन।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए 4 यात्रियों के परिवारों ने अब अमेरिका में विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग और उसके पुर्जे बनाने वाली कंपनी हनीवेल के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। परिवारों का आरोप है कि दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ। यह मुकदमा टेक्सास की लैनियर लॉ फर्म के जरिये दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि विमान में लगे ईंधन स्विच में खराबी थी और यही हादसा की वजह बना। परिवारों का आरोप है कि बोइंग और हनीवेल इन खतरों के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर 12 जून को अहमदाबाद से उड़ान भरकर लंदन के गैटविक हवाई अड्डा जा रहा था।। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद यह एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। बोइंग विमान क्रैश में 270 लोग मारे गए थे, जिनमें 60 विदेशी भी शामिल थे। बोइंग ने इस मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उसने सिर्फ इतना कहा कि भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट इस मामले पर जानकारी देती है। फिलहाल हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट 2026 में आने की उम्मीद है। इस दुर्घटना में विमान में सवार 229 यात्री, 12 क्रू सदस्य और जमीन पर मौजूद 19 लोग मारे गए थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि विमान के इंजनों तक फ्यूल की सप्लाई अचानक बंद हो गई थी। जांचकर्ताओं ने पाया कि ईंधन स्विच 'रन' से 'कट-ऑफ' पर चला गया था। पायलट ने 10 सेकेंड बाद दोबारा इन्हें चालू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इसकी वजह से इंजनों तक ईंधन पहुंचना रुक गया और विमान को उड़ते रहने के लिए जो ताकत (थ्रस्ट) चाहिए थी, वह पूरी तरह खत्म हो गई।



- **पीड़ित परिवारों का आरोप: दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से हादसा हुआ, बोइंग ने कोई टिप्पणी नहीं की**

### कैप्टन सभरवाल के पिता का आरोप

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 साल के पिता पुष्करराज सभरवाल ने केंद्र सरकार से हादसे की नए सिरे से जांच की मांग की है। उन्होंने एएआईबी की प्राइमरी जांच रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए। पुष्करराज ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को लेटर लिखकर कहा कि मीडिया में कुछ चुनिंदा बातें लीक करके यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि कैप्टन सभरवाल बहुत ज्यादा डिप्रेशन में थे और आत्महत्या करना चाहते थे।

## मालेगांव 2008 बम धमाका मुकदमा

# साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपियों व एनआईए को हाईकोर्ट का नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने आज आखिरकार मालेगांव 2008 भिक्कू चौक बम धमाका पीड़ितों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल पिटीशन को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया और साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपियों और एनआईए को नोटिस जारी कर दिया।

पिछले तीन दिनों से बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस गौतम अंकुड़ास इस मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले धमाके में मारे गए लोगों के परिजनों की हैसियत के बारे में पूछताछ की, उनकी कानूनी स्थिति पर वकीलों से सवाल किए और उन्हें अदालत के दस्तावेज़ों की रोशनी में बहस करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने यह भी सवाल उठाया कि क्या याचिकाकर्ताओं के बयान विशेष अदालत में –शेष पृष्ठ दो पर



- **पीड़ितों की अर्जी पर सुनवाई के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट तैयार**

### भारत पर 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ खत्म हो सकता है और 25 फीसदी जवाबी टैरिफ में भी कटौती हो सकती है। ये बात देश के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कही है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि मुझे लगता है कि 30 नवम्बर के बाद ये टैरिफ नहीं रहेंगे। ये कोई पक्की जानकारी या सबूत पर आधारित बयान नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगले दो महीनों में टैरिफ और जवाबी टैरिफ पर कोई हल निकल आएगा। सीईए नागेश्वरन ने संकेत दिया कि अभी 25 फीसदी का जवाबी टैक्स 10-15 फीसदी के दायरे में आ सकता है।

### सीजेआई की सफाई: सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि खजुराहो के जावरी (वामन) मंदिर में भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की बहाली पर उनकी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया है। गुरुवार को लंच सेशन के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितम्बर को राकेश दलाल की याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा था, जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो। बेंच में शामिल जस्टिस के विनोद चंद्रन ने सोशल मीडिया को एंटी-सोशल मीडिया कहा और बताया कि उन्हें भी ऑनलाइन गलत तरह से दिखाया गया है।

### दिशा पाटनी मामला: शूटर्स की मौत पर भड़के गोदारा ने दी बदले की धमकी

**बरेली।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी घर पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद गैंगस्टर रोहित गोदारा भड़का हुआ है। उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर धमकी दी है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि सनातन की हार है। इसका बदला लिया जाएगा।

# उत्तराखंड में कुदरत का रौद्र रूप

## चमोली में बादल फटने से 14 जिंदा दबे, पूरा परिवार लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/चमोली।** उत्तराखंड में बादल फटने और मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। बीते 24 घंटों में राज्य में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। ताजा त्रासदी चमोली जिले के नंदनगर ब्लॉक में गुरुवार को हुई, जहां बादल फटने से 14 लोगों के मलबे में दबने की आशंका है। बचाव दल ने अब तक एक शव बरामद किया है। यह बढ़ता संकट बुधवार की चरम मौसमी घटनाओं के बाद आया है, जिसमें 22 लोगों की जान चली गई थी और 18 शव बरामद किए जा चुके थे।

राज्य अब व्यापक विनाश से जूझ रहा है, खासकर पहले से ही संवेदनशील चमोली क्षेत्र में। नंदनी और चुफलागाड़ नदियों के किनारे बसा नंदनगर बुधवार रात के कहर का शिकार हुआ। एक भयावह बादल फटने से एक पूरा परिवार और नौ अन्य व्यक्ति कुल 14 लोग लापता हो गए हैं, जबकि दो के घायल होने की सूचना है। बंजरबगड़, मोक्ष धुरमा और आसपास के इलाकों के निवासियों ने प्रलयकारी दृश्य का वर्णन किया। हताश ग्रामीणों ने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से संपर्क कर तत्काल आकलन और राहत की गुहार लगाई है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी इस गंभीर वास्तविकता की पुष्टि करती है। नंदनगर की कुंट्रिलागा फाली से कुंवर सिंह (42), उनकी पत्नी कोना देवी और उनके दो बेटे विकास और विशाल का पूरा परिवार लापता है। इसी गांव से देवेश्वरी देवी और नरेंद्र सिंह भी लापता हैं। सरपानी गांव में 70 वर्षीय जगधाथा प्रसाद और उनकी पत्नी भागा देवी भी गायब हो गई हैं। धुरमा गांव में गुमान सिंह और ममता देवी भी लापता लोगों में शामिल हैं। गुरुवार को आपदा संचालन केंद्र की शुरुआती रिपोर्टों ने क्षति के पैमाने का खुलासा किया। एक प्रवक्ता ने बताया कि बादल फटने से हुई भारी बारिश और मलबे ने कुंट्रिलागा फाली, नंदनगर में छह आवासीय भवनों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित दस व्यक्ति लापता हैं, और दो को बचाया गया है। मोक्ष नदी के किनारे स्थित सेरा गांव सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यह समुदाय 8 जुलाई को इसी तरह की आपदा से उबर ही रहा था, जब बुधवार रात के बादल फटने ने सारी प्रगति को मिटा दिया। एक परेशान निवासी ने अपनी भयावह पलायन का वर्णन करते हुए कहा कि हमें लगा जैसे आसमान फिर से हम पर गिर गया। हम सब कुछ छोड़कर जान बचाने के लिए भागे। सेरा में महिपाल सिंह और अवतार सिंह के आवासीय भवन खतरनाक स्थिति में हैं, बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। धुरमा गांव में कई घर अब असुरक्षित हो गए हैं और बगाड़ टाप में कई दुकानें और घर बह गए हैं। बगाड़ बस्ती के ऊपर से भारी मलबे के प्रवाह से नदी का मार्ग बदल गया है, जिससे सेरा में व्यापक क्षति हुई है। कुंती, फाफाली और बंजरबगड़ से भी इसी तरह के विनाश के दृश्य सामने आ रहे हैं, जहां कई घर मलबे में दबे हुए हैं। इस आपदा ने क्षेत्र के –शेष पृष्ठ दो पर



- **24 घंटे के दौरान मरने वालों का आंकड़ा 36 हुआ**
- **मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे**

### मौसम विभाग ने किया अलर्ट

मौसम विभाग ने दोनों ही राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को अगले 48 घंटे हाई अलर्ट पर रखा है। देश में इस साल 24 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा था। देश में अब तक सामान्य से 8 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 3 राज्यों राजस्थान (प.), पंजाब और हरियाणा से मानसून की विदाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन इसके जाते-जाते भी देश के 7 राज्यों में तेज बारिश की संभावना है।

# 'वोट चोरी' के मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी

## ज्ञानेश कुमार दें जवाब: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि देश में 'वोट चोरी' की जा रही है और सोची समझी रणनीति के तहत अत्यंत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने का काम व्यवस्थित तथा केन्द्रीयकृत रूप से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद –शेष पृष्ठ दो पर




### राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार: आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। आयोग ने श्री गांधी के मतदाताओं की सहमति बगैर उनके नाम मतदाता सूची से हटा देने के लगाए गए आरोपों के बाद एक बयान में कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार हैं।

### केवल संविधान-संविधान चिल्लाते हैं, सभी बम ढेर हो जाएंगे, भाजपा का राहुल पर पलटवार

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की वोट चोरी के नए आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि राहुल को कानून के बारे में कुछ नहीं पता है। वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी नहीं समझते हैं। आरोपों पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल गांधी संविधान को समझते हैं? वह सुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किए। क्या उन्होंने कोई दांव लगाया? वह कानून या सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को नहीं समझते हैं। वह केवल संविधान, संविधान चिल्लाते हैं।

# क्वालिटी बार कब्जा मामले में आजम खां को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है, यह मुकदमा 2021 में राजस्व निरीक्षक की तरफ से दर्ज कराया गया था। इसके साथ ही आजम को लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी थी। अब वह जल्द बाहर आ सकते हैं। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश समीर जैन की एकल पीठ ने गुरुवार दोपहर अपना फैसला सुनाया। आजम खां की जमानत याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।



- **लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी, जेल से बाहर आने के आसार**

# सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद कारज मैरिज एक्ट के तहत हो

## SC ने जारी किया यूपी समेत 17 राज्यों को आदेश, 4 महीने का दिया समय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाए। अगर दंपति चाहें, तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाए कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है। यह आदेश उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू होगा जिन्होंने अब तक नियम नहीं बनाए हैं, जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, यूपी, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुड्डुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं। याचिका अमनजोत सिंह चड्ढा ने दायर की थी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में नियम न होने के कारण सिख जोड़ों को शादी का प्रमाणपत्र पाने में बड़ी दिक्कत होती है, जबकि कुछ राज्यों में यह सुविधा मौजूद है। कोर्ट ने कहा कि कानून में आनंद कारज को मान्यता दी गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था न होना केवल आधा वादा निभाना है। संविधान की भावना यही है कि हर नागरिक के अधिकार समान रूप से सुरक्षित हों। कोर्ट के आदेश ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी राज्य-केन्द्र शासित प्रदेश 4 महीने में नियम जारी करें। नियम बनने तक सभी सिख शादियां मौजूदा कानून से रजिस्टर्ड हों। जिन राज्यों में नियम बने हैं, वे 3 महीने में अधिकारियों को सर्कुलर जारी करें। हर राज्य 2 महीने में सचिव-स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त करे। केंद्र 2 महीने में मॉडल नियम भेजे, 6 महीने में रिपोर्ट दे। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि विवाह प्रमाणपत्र उत्तराधिकार, बीमा, भरण-पोषण और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी है कि सिख नागरिकों को यह सुविधा समान रूप से मिले।

- **कोर्ट ने कहा: नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा**



# आपदा प्रबंधन बैठक में डीएम ने दिए शख्त निर्देश

■ संवेदनशील स्थलों का सर्वे और चैनलाइजेशन की रिपोर्ट तैयार करने के दिए आदेश

■ बाढ़ सुरक्षा कार्यों में तेजी लाने पर दिया जोर, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को कहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आपदा प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ और आपदा से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करें और आपदा से पहले तथा आपदा की स्थिति में जलस्तर की जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं। साथ ही जहां-जहां चौनलाइजेशन और ड्रेजिंग की आवश्यकता है, उन स्थानों की रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई अनूप ड्यूंडी ने बताया कि अति वृष्टि के कारण चंद्रभागा नदी में आरबीएम इकट्ठा होने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

साथ ही खारा स्रोत गदेरे का चौनलाइजेशन भी तत्काल आवश्यक है। उन्होंने जौनपुर विकासखंड के ग्राम सीतापुर में बादल नदी, ग्राम भरवाकाटल में सौंग नदी, बुक्सेज खाले और मौंणा खाले की स्थिति पर भी विस्तार से जानकारी दी।

अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता ने जौनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत घहना में बने ताल में बाढ़ सुरक्षा कार्यों के आकलन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, धनोल्टी की उप जिलाधिकारी मंजू ने कुमलडा और टोलियाकोटी क्षेत्रों में तत्काल चौनलाइजेशन की आवश्यकता जताई। घनसाली के उप जिलाधिकारी संदीप कुमार ने घुत्तू बाजार के ऊपर और बुढ़ाकेदार क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा कार्य की अनिवार्यता पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों की पहचान करें और वहां भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण कराएं। आवश्यकतानुसार विस्थापन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, चिफलती नदी से प्रभावित क्षतिग्रस्त भवनों के आकलन के लिए भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी के अलावा अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, भूवैज्ञानिक रवि कुमार, डीडीएमओ बृजेश सहित अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# थौड़की गांव में वायरल बुखार का कहर, 80 लोग मिले पीड़ित



■ स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर, मरीजों को वितरित की दवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर की पट्टी रौणद रमोली के ग्राम पंचायत थौड़की में वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है। दिनोंदिन मरीजों की बढ़ती संख्या ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया, जहां करीब 80 लोग वायरल फीवर से पीड़ित पाए गए। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं और आवश्यक परामर्श दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. प्रिया ने मरीजों की जांच की और बताया कि वायरल फीवर से बचाव के लिए सावधानी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मरीज ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें, पानी उबाल कर पिएं, नियमित रूप से दवाइयों का सेवन करें, धूप से बचें और बारिश में भीगने से परहेज करें। इन सतर्कताओं से बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

शिविर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुरारी लाल खंडवाल, सामाजिक कार्यकर्ता बलवेंद्र बरवाण और बलबीर लाल भी मौजूद रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में शिविर लगाने के लिए आभार जताया और कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में बड़ी मददगार साबित होते हैं।

इस अवसर पर नर्सिंग अधिकारी प्रवीण रावत, सीएचओ रवि, एएनएम पूजा जोशी और आशा कार्यकत्री राधा देवी भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। गांव में स्वास्थ्य विभाग की यह पहल लोगों के लिए राहतभरी साबित हुई है।

# छात्र संघ चुनावः पहले दिन चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव 2025-26 के लिए गुरूवार से नामांकन शुरू हो गई है। पहले दिन 37 नामांकन प्रपत्र बिके वहीं चार प्रत्याशियों ने अपने नामाकन प्रपत्र जमा किए है। गुरूवार को पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था के बीच गढ़वाल विश्वविद्यालय में मुख्य चुनाव अधिकार प्रो. एचसी नैनवाल के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। चुनाव प्रक्रिया के पहले दिन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए नामंकन प्रपत्रों की बिक्री शुरू हुई। जिसमें सबसे अधिक अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियो ने नामाकंन पत्र खरीदे। वहीं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, सहसचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य के तीन-तीन तथा अन्य पदों के लिए 2-2 प्रत्याशियों ने फॉर्म खरीदे। पहले दिन छात्रा कार्यकारणी सदस्य के लिए निशा, उपाध्यक्ष पद के लिए छात्रम छात्र संगठन के अभिषेक घिल्डियाल, सचिव पद के लिए मोहित राणा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि शौर्य विकास ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी नैनवाल ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव के लिए शुक्रवार को दो बजे नामांकन फॉर्म खरीदने तथा जमा कर सकते है।

# आराधना ने थराली आपदा प्रभावितो को बांटी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स सवाददाता**

**थराली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल की नेता और संगठन सृजन की चमोली प्रभारी आराधना मिश्रा गुरुवार को थराली पहुंची ,उन्होंने केदारबगड में थराली के आपदप्रभाविते को 157 आपदा राहत किट बांटी और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार इस आपदा में राहत बचाव कार्यो में विफल रही है।



मिश्रा ने कहा कि उत्तराखंड को जिस तरह से आपदा राहत पैकेज के रूप में केंद्र सरकार से महज 1200 करोड़ की धनराशि मिली है ये आपदा से हुए नुकसान की भरपाई और आपदप्रभाविते के पुनर्वास और विस्थापन के लिए वहुत कम है उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा से जिस तरह का नुकसान हुआ है और आपदप्रभाविते के नुकसान की भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है पैदल रास्ते ,सड़के पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं दूरस्थ गांवों में खाद्यान्न संकट गहराता जा रहा है ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड के लिए कम से कम दस हजार करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज जारी किया जाना चाहिए जिसके बाद आराधना मिश्रा ने थराली,नारायणबगड़ ,देवाल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी बैठक कर जिलाध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्ताओ की राय जानी

कांग्रेस की संगठन सृजन अभियान की पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि अब तक वे चमोली जनपद के 8 बैठके कर चुकी है जनपद के विकासखंडों ,नगर क्षेत्रो में कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के साथ संवाद कर चुकी हैं और चमोली जनपद में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की लंबी फेहरिस्त है संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस के एक एक कार्यकर्ता को मजबूत करने का काम किया जा रहा है उनसे संवाद कर उनकी राय जानी जा रही है।

और इस संवाद के बाद चमोली कांग्रेस से एक पैनल तैयार किया जाएगा और एक मजबूत नेतृत्व चमोली कांग्रेस को दिया जाएगा, जिससे 2027 में चमोली जनपद की तीनों सीटों पर कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ विजय हासिल करेगी इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख थराली प्रवीण पुरोहित , कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विनोद रावत ,मनोज चंदोला, अब्बल गुसाईं , डीडी कुनियाल ,महावीर बिष्ट ,उषा रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### क्रमिक अनशन जारी

**कोटद्वार।** एलयूसीसी के धोखाधड़ी से शिकार हुए पीड़ितों ने तहसील कोटद्वार में 9वे दिन अपना कर्मिक अनशन जारी रखा। पीड़ितों ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक कर्मिक अनशन जारी रहेगा। पीड़ितों ने कंपनी संचालकों और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। पीड़ितों ने कहा कि हमारे निवेशक अपने पैसे के लिए हम पर दबाव बना रहे हैं और हम उनका पैसे कहा से दे जिससे पीड़ितों की मानसिक स्थिति बहुत गंभीर रूप बनी हुई हैं। कर्मिक अनशन पर बैठने वालो में विनीता रावत, नीलम, रेखा देवी और तृप्ति नेगी उनके समर्थन में राजेन्द्र भंडारी, बिजेंद्र रावत, हरेंद्र सिंह, बीरेन्द्र सिंह, उम्मेद सिंह, बलबीर सिंह सुनीता रावत, रजनी रावत, सुनीता नेगी, शिवानी नेगी, रेखा, मीनाक्षी, राजेन्द्र नेगी, सुरेश नेगी, ज्योति देवी, अंजू डबराल, अंजू राणा, सोनिया, सुरेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, विनोद आदि रहे।

### बालिका क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

**श्रीनगर।** सेंट थेरेसा स्कूल की अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीम ने सीआईसीएसई राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन किया। बेटियों की इस कामयाबी पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। 14 से 16 सितंबर तक गोरखपुर के स्टेपिंग स्टोन हाई स्कूल में आयोजित सीआईसीएसई राष्ट्रीय गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट में देशभर की टीमों ने शिरकत की। जिसमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों की टीमें शामिल थीं। सेंट थेरेसा स्कूल की अंडर-19 टीम ने प्रथम बार प्रतिभाग कर अपना लोहा मनाया। टीम ने मैदान पर अपनी प्रतिबद्धता, तकनीक और आत्मविश्वास का लोहा मनवाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि हमारी छात्राएँ राष्ट्रीय स्तर पर भी किसी से कम नहीं हैं। विद्यालय के प्रबंधक फादर जॉनसन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का सच्चा पाठ पढ़ाता है। कहा कि हमारी बेटियों ने मैदान पर इन मूल्यों को जिया और पूरे प्रदेश को गर्वित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर एनसी युक्केन, गर्ल्स क्रिकेट टीम की कोच रीना भंडारी, टीम मैनेजर विकास घिल्डियाल ने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि साबित करती है कि बेटियाँ हर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं और आने वाले समय में प्रदेश की खेल पहचान को नई दिशा देंगी।

### स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने को होंगे विविध कार्यक्रम

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नोडल अधिकारी प्रो. महावीर सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई और जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया। प्रो. नेगी ने बताया कि इस अभियान के तहत पेंटिंग, भाषण, क्विज प्रतियोगिताएं, सामाजिक समस्याओं और स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक और कबाड़ से उपयोगी सामान बनाने की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। विशेष कार्यक्रम के रूप में 25 सितंबर को सुबह 8 बजे एक दिन-एक घंटा-एक साथ के तहत बिड़ला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा 2 अक्टूबर को प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।इस अवसर पर कोआर्डिनेटर प्रो. सीमा धवन, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डा. एसएस. बिष्ट, डा. मोहित बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### प्रभावितों ने की भवनों की क्षतिपूर्ति के मुआवजे की मांग

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत रेवड़ी काण्डई घसियामहादेव टीचर्स कॉलोनी में हुए भूधसाव को लेकर प्रभावितों ने जिलाधिकारी गढ़वाल को ज्ञापन प्रेषित कर जल्द भूमि एवं भवनों की क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिए जाने की मांग की। गुरूवार को प्रभावित एवं प्रांतिय उद्योग व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, सरोजनी, नीरज, शकुन्तला ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि रेवड़ी काण्डई घस्यिामहादेव टीर्चस कॉलोनी में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियरेजना के अंतर्गत बन रही रेलवे सुरंग में भारी भरकम विस्फोटको के कारण भवनों पर बड़ी-बड़ी दरारो पड़ने लगी थी। जिसके कारण एक सितम्बर को हुई लगातार बारिश से नौ परिवारों के घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गये है और सभी ने घर खाली कर कर किराएं के कमरे में रहने लगे। कहा कि भूधसाव के कारण पांच भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके है। जबकि अन्य 4 भवनों में बड़ी-बड़ी दरारे आ गयी है। कहा कि रेलवे द्वारा हमारे भूमि एवं भवनों का बाजार दर पर सम्पूर्ण मुआवजा नहीं दिया जाता है तो हम सम्पूर्ण व्यापार मण्डल एवं श्रीनगर की सम्पूर्ण जनता के साथ सड़को पर उतरने को मजबूर होंगे।

# चमोली के शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया था सीएम आवास घेराव में




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** राशिसं प्रांतीय कार्यकारिणी के आहवान पर चल रहे आंदोलन के क्रम में विगत बुधवार को देहरादून मे मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में प्रदेश के हजारों शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जनपद महामंत्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि भारी बारिश एवं सड़कों की खराब स्थिति के बावजूद इस कार्यक्रम मे जनपद चमोली से भी बडी संख्या में शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। राशिसं विगत 18 अगस्त 2025 से शत प्रतिशत पद्योन्नति, प्रधानाचार्य सीमित विभागीय भर्ती नियमावली 2022 के निरस्तीकरण, स्थानान्तरण एवं 34 लम्बित मुद्दों क समाधान को लेकर आंदोलनरत हैं। शिक्षकों द्वारा केवल शैक्षणिक कार्य किया जा रहा है बाकी गैर शैक्षणिक कार्यों का बहिष्कार जारी है।विगत बुधवार को दिनभर सड़कों पर धरना-प्रदर्शन के बाद देर रात मुख्यमंत्री से हुई वार्ता के बाद मुख्यमंत्री के आदेशानुसार शिक्षकों की प्रमुख तीन मांगों पद्योन्नति, प्रधानाचार्य सीमित विभागीय भर्ती परीक्षा नियमावली 2022 के निरस्तीकरण एवं स्थानान्तरण को लेकर एक हफ्ते मे सचिव कार्मिक, सचिव शिक्षा, डीजी शिक्षा वाली समिति संगठन के साथ बैठक कर इन मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

राशिसं प्रांतीय कार्यकारिणी की कल होने वाली बैठक के बाद आंदोलन की आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जायेगा तब तक गैर शैक्षणिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। देहरादून मे मुख्यमंत्री आवास घेराव करने वाले जनपद कार्यकारिणी चमोली के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कमल किशोर डिमरी,अध्यक्ष प्रदीप भंडारी, महामंत्री प्रकाश सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सीमा पुंडीर, संयुक्त मंत्री मीनाक्षी सती, संगठन मंत्री बीरेंद्र सिंह नेगी ब्लॉक अध्यक्ष गैरसैंण महेंद्र सिंह बिष्ट,दशोली ब्लॉक मंत्री हरेंद्र सिंह रावत, पोखरी अध्यक्ष महावीर सिंह जग्गी, कर्णप्रयाग अध्यक्ष सुरेंद्र भगत, ब्लॉक अध्यक्ष देवाल पार सिंह बिष्ट, नारायणबगड़ अध्यक्ष बीना गुसाई,तारेंद्र गड़िया नंदानगर मंत्री मनोज हटवाल सहित कई विद्यालय शाखा अध्यक्ष/मंत्री एवं अन्य संघनिष्ठ पदाधिकारियों/शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। राजकीय शिक्षक संघ जनपद मंत्री प्रकाश सिंह चौहान ने जनपद चमोली के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया।

# गढ़वाल विवि में एनएमबीए अभियान के लिए कमर कसी

**श्रीनगर।** शिक्षा मंत्रालय के आदेश के बाद हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के लिए कमर कस दी है। नशा मुक्त परिसर सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर एंटी-ड्रग समितियों का गठन किया किया जा रहा है, जो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती हैं और नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक लगाती हैं। इसी क्रम में गढ़वाल विवि में भी एंटी-ड्रग समितियों का गठन किया गया है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश कुमार ढोड़ी ने नोटिफिकेशन जारी किया है।

# साइबर अपराध के प्रति सतर्कता व सावधानी बरतने की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के आदेश के बाद जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव एवं सामाजिक बुराइयों से बचाव के लिए सजग और जागरूक बनाना है। इसी क्रम में थाना सतपुली, कोतवाली लैंसडाउन तथा थाना लक्ष्मणझूला पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में एकल वरिष्ठ नागरिकों और वृद्धजनों की कुशलक्षेम पूछने के साथ ही इस दौरान आम नागरिकों से आत्मीय संवाद कर आमजन को साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय, महिला अपराधों से सुरक्षा एवं नए कानूनों की जानकारी, मुख्यमंत्री पोर्टल 1905 और हेल्पलाइन नंबर 1930, 112, 108, 1090 की विस्तृत जानकारी एवं नशे के दुष्प्रभाव और ऐसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही, महिलाओं को गौरा शक्ति ऐप में रजिस्ट्रेशन कराने की विशेष पहल की गई ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त कर सकें। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और महिलाओं को जागरूकता सम्बन्धी पंपलेट का वितरण किया गया।

# विधायक और डीएम ने किया रामलीला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** श्री आदर्श रामलीला समिति उत्तरकाशी की गौरवमयी 74वीं एवं [पांचवी गढ़वाली बोली[भाषा] में रामलीला का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान एवं जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया।



रामलीला में रावण तप लीला, कैलाश लीला और पृथ्वी विचार लीला का बहुत ही सुंदर मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शको का मन मोह लिया। इस मौक पर क्षेत्र के विधायक एवं जिलाधिकारी ने कहा कि हमें भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम प्रभु के चरित्रों से जीवन व्यतीत करने प्रेरणा लेनी चाहिए।

बता दें कि श्री रामलीला मंच, रामलीला मैदान, उत्तरकाशी में प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अभूतपूर्व वार्षिक मंचन किया जाता है।

वहीं समिति के प्रबंधक ने बताया कि इस बार रामलीला में मुख्य आकर्षण तीन अक्टूबर दिन को केदारघाटी मण्डाण ग्रुप गुप्तकाशी रूद्रप्रयाग की महिला कलाकारों के द्वारा पहली बार रामलीला मैदान उत्तरकाशी में गढ़वाली वीर अभिमन्यु चक्रव्यूह नाटक का मंचन किया जाएगा।

इस मौके पर समिति के संरक्षक ब्रह्मानंद नौटियाल, प्रेम सिंह पंवार,अध्यक्ष गजेंद्र सिंह मटूड़ा, प्रबंधक भूपेश कुड़ियाल, महासचिव विजय प्रकाश भट्ट, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर तस्दीक खान, निर्देशक महेंद्र सिंह पंवार, आदि मौजूद थी।

# बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले को नया स्वरूप दिया जाएगा:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रसिद्ध बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले को भव्य और दिव्य बनाएं जाने को लेकर कवायद तेज हो गई है। इस बार मेले में साहसिक खेल, फूड फेस्टिवल, मैजिक शो, बच्चों के मनोरंजन स्थल और व्यापारियों के स्टाल मेले की विशेषता होंगे। गुरुवार को बैकुंठ चतुर्दशी मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गढ़वाल की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में बैठक आयोजित की गयी।



बैठक से पहले श्रीनगर के विकास को दर्शाती डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। बैठक में मेले के प्रमुख एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला हमारी परंपरा की जीवंत धरोहर है, इसे आधुनिकता के साथ जोड़कर एक नया स्वरूप दिया जाएगा, ताकि यह मेला सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन, व्यापार और मनोरंजन का केंद्र बन सके।

बैठक में नगर निगम पार्षदों, व्यापारियों और आम जनता ने अपने सुझाव दिए। विशेष रूप से पार्किंग व्यवस्था और आवारा गोवंश की समस्या पर चर्चा की गयी। महापौर नगर निगम आरती भंडारी ने बताया कि मेले में धारी-कमलेश्वर कलश यात्रा, उद्घाटन समारोह, मेला क्षेत्र का ले-आउट, अकादमिक गतिविधियां जैसे खेल, रंगोली, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता तथा मुख्य मेला स्थल आवास विकास मैदान में मनोरंजक तथा सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

■ डीएम निर्देशनुसार मेले को भव्य बनाने को लेकर कवायद तेज

खंड शिक्षा अधिकारी खिर्सू अश्वनी रावत ने जिलाधिकारी के समक्ष चार नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले बैकुंठ चतुर्दशी मेले के प्रतिदिनो के प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी रखी। स्थानीय सूरज किमोठी ने मेले के दौरान आवास विकास क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था व अराजक तत्वों पर नियंत्रण की मांग की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान विद्युत, पेयजल, शौचालय, सड़क, यातायात, पार्किंग, अग्निशमन, सुरक्षा, सीसीटीवी और प्रकाश की व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि सभी आयुवर्ग के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि साहसिक खेल, फूड फेस्टिवल, मैजिक शो, बच्चों के मनोरंजन स्थल और व्यापारियों के स्टॉल मेले की विशेषता होंगे। इस दौरान नगर आयुक्त श्रीनगर नूपुर वर्मा, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, एसडीओ फॉरेस्ट आयशा बिष्ट, डीआईजी एसएसबी सुभाष नेगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेंद बर्तवाल, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी, तहसीलदार दीपक भंडारी, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी आदि मौजूद थे।

# स्वच्छ और स्वस्थ श्रीनगर मैराथन 20 सितम्बर को

**श्रीनगर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नगर निगम श्रीनगर के ओर से 20 सितम्बर को स्वच्छ श्रीनगर, स्वस्थ श्रीनगर मैराथन दौड़ आयोजित की जायेगी। मैराथन रोडवेज बस अड्डे से प्रारंभ होकर पराग डेयरी तक जाएगी और फिर वहीं से वापस रोडवेज बस अड्डे पर समाप्त होगी। नगर आयुक्त नूपुर वर्मा और नगर निगम की मेयर आरती भण्डारी ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से समय पर पहुंचकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। जानकारी देते हुए बताया कि मैराथन दो वर्गों महिला एवं पुरुष में आयोजित की जाएगी।

# हेली के जरिए घायलों को लेकर पहुंचे श्रीनगर, स्थिति सामान्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चमोली जनपद के नंदानगर में बादल फटने के चलते भारी तबाही हुई है। जिसके बाद से चार जनपदों का सबसे बड़ा चिकित्सालय बेस चिकित्सालय श्रीनगर को अल्र्ट मोड पर रखा गया है।

गुरूवार को अतिवृष्टि से हुई तबाही में घायल को हेली के जरिए बेस चिकित्सालय श्रीनगर लाया गया है। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। हालंकि घायलों की स्थिति सामन्य बताई जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर अनुज कुमार ने बताया कि करीब 12 बजे करीब नंदानगर में हुई घटना के घायलों को हैली के माध्यम से जीवीके हेलीपैड पर लाया गया। जहां से एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को बेस चिकित्सालय श्रीकोट लाया गया। बताया कि घटना के बाद से बेस चिकित्सालय को अल्र्ट मोड पर रखा गया है। जबकि चिकित्सा प्रशासन को एम्बुलेंसों को भी अल्र्ट पर रखे जाने को कहा गया है। वहीं बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत ने बताया कि नंदानगर से पहुंचे 10 घायलों का इलाज डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जा रहा है। बताया कि सभी घायलों की स्थिति सामन्य है। घायलों के हाथों और पैरों पर चोटे आयी है।

# उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ बाजार में उतारेगा बोतलबंद पानी हिमाला जल

## विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने सहकारी संघ को दिया 3 हजार करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ की व्यापारिक गतिविधियों का दायरा बढ़ाकर 3 हजार करोड़ सालाना टर्नओवर का लक्ष्य रखा गया है। अपनी व्यावसायिक योजना के तहत सहकारी संघ शीघ्र ही बाजार में अपना बोतलबंद पानी लांच कर रहा है,जो शहिमाला जलश नाम से बेचा जायेगा। इसके अलावा सहकारी संघ विभिन्न निर्माण इकाइयों की स्थापना के साथ ही प्रदेशभर में 500 सहकारी क्रय केंद्र स्थापित करेगा।

यह बात प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ द्वारा निरंजनपुर सहकारी क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित सहकारी सम्मेलन में कही। "आर्थिक व्यवहार और सहकारी संस्थाएँ" थीम पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ वर्तमान में 500 करोड़ रुपये के टर्नओवर के साथ राज्य की शीर्ष सहकारी संस्था है, और संघ ने अब 3 हजार करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य तय किया है। इसके लिये संघ ने प्रदेशभर में नई व्यापारिक गति. विधियों का संचालन करेगा। इसके तहत सहकारी संघ जल्द ही हरिद्वार जनपद में मिनरल वाटर प्लांट की स्थापना करेगा और बाजार में शहिमाला जलश नाम से बोतलबंद पानी लांच करेगा। इसके अलावा ऑर्गेनिक बायो-फर्टिलाइजर निर्माण व फिनाइल उत्पादन इकाई की भी स्थापना की जायेगी। साथ ही प्रदेशभर में 500 सहकारी क्रय केंद्रों की स्थापना की भी योजना है। डॉ रावत ने कहा कि इन क्रय केंद्रों में किसानों को उनके अनाज, फल एवं सब्जियों का उचित मूल्य सीधे गाँव स्तर पर उपलब्ध होगा। इस व्यवस्था से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर लाभ सीधे किसानों तक पहुँचाने का लक्ष्य है। डॉ. रावत ने कहा कि नवरात्रों में 100 करोड़ रुपये की नई व्यवसायिक योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 95 ब्लॉकों में माधो सिंह भंडारी सामूहिक सहकारी खेती से बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा पहाड़ी कृषि उत्पादखलाल चावल, कौणी, झंगोरा, मंडुवा और मिलेट्स की ब्रांडिंग कर "लोकल से ग्लोबल" बाजार में स्थानीय उत्पादों को पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के प्रबंध निदेश आनंद शुक्ल ने कहा कि विभागीय मंत्री के मार्गदर्शन में संघ को 3000 करोड़ की संस्था बनाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल किया जाएगा।



### बिजनेस डेवलपमेंट योजनाओं पर दी गई प्रस्तुति

बिजनेस डेवलपमेंट योजनाओं पर तीन शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मातवर सिंह रावत, प्रदीप चौधरी, उमेश त्रिपाठी, अनुपम कौशिक (प्रबंध निदेशक एनईसीएल , जे.पी. सिंह (बीबीसीएल),संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल, सहायक निबंधक राजेश चौहान, मोनिका चुनेरा, प्रबंधक त्रिभुवन रावत, जीएम रेशम फेडरेशन मातवर कंडारी सहित गढ़वाल मंडल से सैकड़ों की संख्या में सहकारबंधु एवं संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रबंध निदेशक श्री आनंद शुक्ल द्वारा किया गया।

### किसानों, महिलाओं व विद्यार्थियों के लिए योजनाएं

डॉ रावत ने कहा कि उत्तराखंड कोऑपरेटिव बैंक महिलाओं को बिना गारंटी के 21,000 रुपये का ऋण एक वर्ष के लिए 0% ब्याज दर पर उपलब्ध कराएगा। समय पर भुगतान करने पर अगले वर्षों में यह सीमा बढ़कर 51,000 और 1,00,000 रुपये तक हो जाएगी। इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिकों को भारत दर्शन और चारधाम यात्रा हेतु 21,000 रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मेधावी विद्यार्थियों को एमबीबीएस एवं तकनीकी शिक्षा के लिए कम ब्याज दर पर शिक्षा ऋण राष्ट्रीय बैंकों से दिलाने की योजना है।

### राज्य में लगेंगे सहकार मेले

आगामी 3 अक्टूबर से 30 दिसम्बर तक राज्य के सभी 13 जनपदों में सात दिवसीय सहकारी मेले लगाये जायेंगे। इन मेलों के माध्यम से 10 लाख किसानों को सहकारिता से जोड़ना है। जिसके लिये सदस्यता पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से भी किया जाएगा।

### लाभार्थियों को बांटे चेक

कार्यक्रम के दौरान जिला सहकारी बैंक हरिद्वार के माध्यम से लाभार्थियों को चौक वितरित किये गये। जिसमें महिला सहायता समूह आनंद व लक्ष्य स्वयं सहायता समूह को तीन-तीन लाख, जबकि गंगा व जारा को एक-एक लाख तथा सरोज को तीन लाख का ब्याज रहित ऋण का चेक विभागीय मंत्री द्वारा वितरित किये गये।

# सेना के शौर्य पर सवाल उठाने वाले कर रहे शहीदों के परिजनों का सम्मान: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस पुलवामा हमले मे शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने का कांग्रेस आडंबर कर रही है और जनता बेहतर जानती है कि यह अब तक सैनिकों के शौर्य पर सवाल उठाने वालों का अचानक हृदय कैसे परिवर्तन हुआ है।



मीडिया से वार्ता करते हुए चौहान ने कहा कि जब सेना पाकिस्तान परस्त आतंकियों के हमले से जूझ रही थी तो कांग्रेस हमले मे लाभ हानि और का आकलन कर रही थी, तो साथ ही श्वेत पत्र जारी करने की बात कर रही थी। ऐसी परिस्थिति मे जब सेना के साथ खड़े होने अथवा देश मे एकजुटता दिखाने का अवसर था तो कांग्रेस इस बीभत्स कांड मे भी अवसर खोज रही थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चरित्र लोग भली भाँति जानते हैं क्योकि कांग्रेस को सेना से अधिक पाकिस्तान पर अधिक भरोसा है। कांग्रेस अभी तक सर्जिकल स्ट्राईक पर सुबूत मांगती रही है और सैनिकों के मनोबल को तोड़ने मे हमेशा

**सेना के अपमान के लिए क्षमा मांगे कांग्रेस, सम्मान की जरूरत नौटंकी की नहीं**

आगे रही है। उन्होंने कहा कि सेना से सुबूत मांगने वालों का शहीदों को सम्मानित करने का ढोंग न केवल हास्यास्पद है, बल्कि सैनिकों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा भी है। हाल ही मे चले ऑपरेशन सिंदूर मे भी कांग्रेस के सुर पाकिस्तान से मिलते रहे। पाकिस्तान ने भाजपा को करारी चोट का दुष्प्रचार करने मे कांग्रेस नेता राहुल के बयानों को देश दुनिया हर मंच पर उठाया। चौहान ने कहा कि सेना को मौके के अनुसार नही सदैव सम्मान की जरूरत है।

# एमडीडीए ने बहुमंजिले भवन को किया सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने गुरुवार को मालसी-सिनोला-मसूरी रोड पर अवैध रूप से किए जा रहे बहुमंजिले भवन निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की गई। जैपात्रा द्वारा किए जा रहे इस अवैध निर्माण को मौके पर सील कर दिया गया है। एमडीडीए की यह कार्रवाई अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने और शहर के व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।



कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता सचिन तोमर एवं उमेश वर्मा तथा सुपरवाइजर मौके पर मौजूद रहे।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा शहर के सौंदर्य और संतुलित विकास के लिए अवैध निर्माण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण लगातार निगरानी कर रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जनता से भी अपील है कि वे किसी भी प्रकार के निर्माण से पहले अनुमोदन अवश्य प्राप्त करें।एमडीडीए द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाइयाँ निरंतर जारी रहेंगी।

# सीएम ने किया मसूरी रोड व किमाड़ी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर वैकल्पिक मार्ग एवं राहत शिविर स्थापित किए जाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राज्य आपदा परिचालन केंद्र से प्रदेशभर में हुई अतिवृष्टि की समीक्षा करने के बाद मसूरी रोड एवं किमाड़ी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। राहत कार्यों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य सड़कों की शीघ्र मरम्मत करते हुए यातायात सामान्य बनाया जाए तथा आवश्यकतानुसार लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाएं।



मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन को शीघ्र सामान्य करने के लिए सभी संबंधित विभाग युद्धस्तर पर कार्य करें। सभी प्रभावित परिवारों को आपदा मानकों के अनुसार त्वरित आर्थिक सहायता एवं मूलभूत सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएं। निरंतर हो रही वर्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में आवागमन अवरुद्ध हुआ है, वहाँ प्राथमिकता के आधार पर वैकल्पिक मार्ग एवं राहत शिविर स्थापित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा की इस घड़ी में पूरी संवेदनशीलता के साथ आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है और प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन को जल्द से जल्द सामान्य बनाने के लिए सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति विनय रोहिल्ला,गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी देहराद. ून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।



# उत्तराखंड मुक्त विवि का अध्ययन केंद्र बनाने को समझौता

## पेसल वीड कॉलेज में शिक्षा मंत्री डॉ. रावत रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**हरादून।** पेसल वीड कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलोजी में एक समारोह के अंतर्गत शिक्षा मंत्री उत्तराखण्ड डॉ. धन सिंह रावत की उपस्थिति में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन चन्द्र लोहानी एवं रजिस्ट्रार डॉ. खेमराज भट्ट एवं पेसल वीड परिवार की तरफ से अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनिता वर्मा ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया । इस अवसर पर डॉ. प्रेम कश्यप ने कहा कि, ष्उत्तराखण्ड प्रारम्भ से ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय रहा है ।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन चन्द्र लोहानी ने कहा कि पेसल वीड कॉलेज एक महत्त्वपूर्ण अध्ययन केंद्र के रूप में कार्य करेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है । शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखण्ड बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही भारत के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग 100 में से 8 विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड के हैं और उत्तराखण्ड शीघ्र ही शत प्रतिशत शिक्षित राज्य की श्रेणी में आ जायेगा और जीरो प्रतिशत ड्रॉपआउट की श्रेणी में आ चुका है।

## प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं जल्द करें सुचारू: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र से प्रदेशभर में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने चमोली जनपद के नंदानगर क्षेत्र के आपदा प्रभावित गांवों में बचाव एवं राहत कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

चमोली के नंदानगर क्षेत्र में हुई प्राकृतिक आपदा की जानकारी जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तत्काल बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एम्स ऋषिकेश एयर लिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री प्रात:काल से ही आपदा परिचालन केंद्र तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि के कारण प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था और नेटवर्क कनेक्टिविटी शीघ्र पुन: स्थापित की जाए। आपदा प्रभावित लोगों के लिए आश्रय, भोजन, स्वच्छ पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए।

# आपदा प्रभावित मजाडा व कार्लीगाड़ में पहुंचे जोशी, लोगों का दुख दर्द बांटा

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर कैबिनेट मंत्री ने दिए युद्धस्तर पर राहत कार्यों के निर्देश, राहत राशि के चेक वितरित किए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के मजाडा और कार्लीगाड़ आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्लीगाड़ में आपदा के चलते लापता हुए लोगों की खोजबीन एसडीआरएफ और जेसीबी मशीनों की मदद से युद्धस्तर पर की जाए।



निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी मजाडा, कार्लीगाड़ निवासी मोर सिंह के घर भी पहुंचे और आपदा में लापता अंकित (22 वर्ष) के परिवारजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्लीगाड़ में आपदा प्रभावितों को राहत राशि के चेक भी भेंट किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार और प्रशासन पूरी संवे. दनशीलता के साथ लापता लोगों को खोजने और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने में जुटा है। इसके साथ ही मंत्री जोशी ने सहस्त्रधारा में पीएमजीएसवाई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा से क्षतिग्रस्त ग्रामीण मार्गों और पुलों को शीघ्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने बोंठा, सरोना, भीतरली, किमाड़ी, मजाडा और कार्लीगाड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों की अवरुद्ध सड़कों को प्राथमिकता से खोलने तथा आवश्यकतानुसार लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने धनौला और नगला हटनाला में राहत शिविरों में रह रहे प्रभावितों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने काठ बंगला में प्रभावितों को सहायता राशि के चेक भी भेंट किए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन को शीघ्र सामान्य करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को नियमित मॉनिटरिंग के साथ युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## डॉ. नरेश बंसल ने चमोली में बादल फटने की घटना पर जताया दुख

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने देवभूमि उत्तराखंड के जनपद चमोली के नन्दानगर क्षेत्र में देर रात हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान की सूचना पर अत्यंत दुख व्यक्त किया है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि उत्तराखंड में एक के बाद एक बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित सभी राहत एवं बचाव दल घटनास्थल पर पहुँचकर बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

**एक नजर .......**

### सीएम व डीजी सूचना ने वरिष्ठ पत्रकार पंकज पवार की पत्नी की निधन पर जताया दुख

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार पंकज पंवार की पत्नी के निधन पर दुख व्यक्त किया है उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार पंकज पंवार की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है।

### भाजपा परिवार ने युवा पत्रकार पंकज पवार की पत्नी के निध्न पर जताया शोक

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने वरिष्ठ युवा पत्रकार पंकज पवार की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। भट्ट ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देंने और उनके परिजनों को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक , राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्य सभा डा. नरेश बंसल , भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त कर पुण्य आत्मा की शांति एवं ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की ।

### इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

**देहरादून।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 23 सितंबर से होगी, जिसमें लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन और ऑडियो डिवाइसेस की विस्तृत रेंज पर शानदार ऑफर मिलेंगे। प्राइम सदस्यों के लिए सेल 24 घंटे पहले शुरू होगी।

# सेवा पखवाड़ा, आपदा पीड़ितों की सहायता में समर्पित : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों को आपदा पीड़ितों की सहायता में समर्पित करने का निर्णय लिया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के नाम अपने संदेश में आपदाग्रस्त क्षेत्रों में सेवा कार्यों में जुटने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, प्रत्येक वर्ष की भांति, वर्तमान में पार्टी पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के माध्यम से मना रही हैं। लेकिन राज्य के लिए बहुत दुखद और चुनौतीपूर्ण समय चल रहा है, हर तरफ आपदा के दंश से जनता पीड़ित है। पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता आपदाग्रस्त क्षेत्र में होने वाले सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। बावजूद इसके हम सबको जनता की सेवा का एक और मौका मिल रहा है सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के माध्यम से। जिन्हें हमे अब प्रभावितों की मदद करने के उद्देश्य के साथ अंजाम देना है। ये हमे जनता की तकलीफों को कमतर करने और स्वयं की संवे. दनशील क्षमताओं के सदुपयोग को साबित करने का अवसर है। उन्होंने आग्रह किया कि सेवा पखवाड़े के तहत होने वाले कार्यक्रमों विशेषकर स्वास्थ्य शिविर, ब्लड डोनेशन कैंप, स्वच्छता अभियान, बहुउद्देशीय शि. विर, जागरूकता कार्यक्रमों आदि को प्रभावित क्षेत्रों में सुनिश्चित करवाया जाए। ताकि संगठन के सहयोग से अधिक से अधिक जरूरतमंदों की आवश्यक मदद संभव हो। पीएम मोदी सार्वजनिक जीवन में स्वामी विवेकानंद के आदर्श दुखी, पीड़ितों की सेवा पर अमल करते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

मेरी एक भूमि खसरा नं0 19/2/ उमि0 रकबा 2510 हैक्टेयर भूमि स्थित मौजा खड़कमाफ, परगना परवादून, तहसील ऋषिकेश, जिला देहरादून में है जो कि प्रार्थी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रेता श्री कीर्ती दत्त, जीतराम पुत्रगण श्री जोगेश्वर, निवासी ग्राम से क्रय की गई हैं खड़कमाफ, परगना परवादून, तहसील ऋषिकेश, जिला देहरादून से क्रय की गई है क्रेता विजय रतूड़ी पुत्र श्री चिंतामणि रतूड़ी निवासी जिला देहरादून उत्तराखंड जिसका बही सं0 1, जिल्द (593) पृष्ठ सं0 237 से 344 पर क्रमांक 1880 जो कि दिनांक 22.03.2007 को रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में विधिवत् पंजीकृत है। जिसकी मूल पंजीकृत रजिस्ट्री कहीं गुम हो गये हैं। किसी को मिले तो इस नंबर पर संपर्क करें 9634958889 पर सात दिन के अंदर सूचित किया जाना है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री संस्कृति गौडियाल (**SANSKRITI GODIYAL**) एवं पुत्र सारांश गौडियाल (**SARANSH GODIYAL**) के स्कूल रिकॉर्ड में भूलवश मेरा नाम विकास चन्द्र गौडियाल गलत दर्ज है जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम विकास चन्द्र (**VIKASH CHANDRA**) निवासी चक तुनवाला रायपुर देहराइन है व पत्नी का नाम मोनिका गौडियाल (**MONIKA GODIYAL**) है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी0 एम0 एस0 रोड, देहरादून-248006
फोन: 0135 - 2763808, फैक्स नं0- 0135-2763507
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक: 717 | **शुद्धि पत्र** | दि0: 18.09.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), यूजेवीएन लि0, धरासू विद्युत गृह, चिन्यालीसौड़ द्वारा आमन्त्रित निविदा संख्या 13/अधि0अभि0 (उत्पादन)/ म0भा0-।।/2025-26 म0भा0-।।, धरासू विद्युत गृह में मशीन हॉल की छत में वायरिंग का कार्य। के निविदा पत्र के SECTION-I: INSTRUCTIONS TO TENDERERS AND ELIGIBILITY CRITERIA. CLAUSE NO 2.A ELIGIBILITY CRITERIA मे 15 No.Point निम्नवत जोड़ा जाता है ।

Clause No 2.A ELIGIBILITY CRITERIA: The firm should have valid A-Class Contractor license with Chief Electrical Inspector, Uttarakhand, documents regarding valid A-Class Contractor license should be enclosed otherwise tender will not be considered for evaluation purposes.

निविदा संबंधित परिशिष्ट, शुद्धिपत्र अथवा निरस्तीकरण के विवरण की अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**न्यायालय सिविल जज**
**( सी0डि0 ) विकासनगर, देहरादून**
मूलवाद वाद सं० 10 वर्ष 2022
नासिर बनाम राशिद व अन्य

**बनाम :** मौहम्मद शहबाज, पुत्र अब्दुल वाहिद, निवासी-नंदा की चौकी कोल्हू पानी, प्रेमनगर,देहरादून।

.. **प्रतिवादी संख्या 08**

उपरोक्त वादी की ओर से उक्त वाद घोषणात्मक व्यादेश एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु आपके विरूद्ध वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें दिनांक 25-09-2025 वास्ते सुनवाई नियत की गयी है।

एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या ऐसे किसी अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुदिष्ट हो, उपरोक्त नियत दिनांक 25-09-2025 को प्रात: 10 बजे सिविल जज (सी०डि०) विक. ासनगर, देहरादून के न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/प्रतिवादपत्र प्रस्तुत करें। उक्त तिथि को आपकी उपसंजाति में चूक होने पर वाद एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा व आपके विरूद्ध अवधारित किया जावेगा। मेरे आदेश तथा न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 04/09/25 को जारी किया गया।

**सिविल जज ( सी0डि0 )**
**विकासनगर, जिला देहरादून।**

# एआरटीओ ने कार्यालय परिसर, फिटनेस सेंटर एवं डीलरशिप का किया औचक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एआरटीओ निखिल शर्मा ने रोशनाबाद स्थित कार्यालय परिसर, फिटनेस सेंटर एवं वाहन डीलरशिप का औचक निरीक्षण किया और कार्यालय व्यवस्था को अधिक अनुशासित व पारदर्शी बनाने हेतु कई निर्देश दिए।

कार्यालय परिसर के निरीक्षण के दौरान एआरटीओ ने सभी अनुभाग प्रभारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार से अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश न होने पाए। गेट पर तैनात कर्मियों को यह स्पष्ट आदेश दिए गए कि केवल अधिकृत व्यक्ति ही कार्यालय में प्रवेश करें। उन्होंने व्यवस्था का सखध्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदारी निर्धारित करने के भी निर्देश दिए। फिटनेस सेंटर के निरीक्षण के दौरान एआरटीओ ने पूर्व निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में अपात्र अथवा तकनीकी दृष्टि से अनुपयुक्त वाहन को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी न किया जाए। उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित अधिकारियों को विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी। वाहन डीलरशिप के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वाहन डीलरशिप को रेट लिस्ट स्पष्ट स्थान पर प्रदर्शित करने तथा फॉर्म-19 का संधारण नियमानुसार किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली निरीक्षण रिपोर्ट में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की स्थिति की भी समीक्षा भी की और स्पष्ट किया कि यदि ट्रेड सर्टिफिकेट के दुरुपयोग अथवा नियमों के उल्लंघन की कोई भी घटना सामने आती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।



# आपदा से प्रभावित व पीड़ितों के साथ खड़े हैं पीएम व सीएमः यतीश्वरानंद

## सेवा पखवाड़ा के तहत लगे शिविर में रक्तदाताओं का किया उत्साहवर्धन, प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा मंडल भोगपुर पंचपुरी के ग्राम शाहपुर शीतलाखेड़ा में रक्तदान शिविर में रक्तदानियों का उत्साहवर्धन किया। वही, वेद मंदिर आश्रम में स्वागत के बाद देहरादून पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का स्वागत करते हुए आभार जताया।

बृहस्पतिवार के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद का वेद मंदिर आश्रम में धनौरी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने सभी का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो पार्टी ने सम्मान दिया है यह हर एक कार्यकर्ता का सम्मान है और सभी के हित में कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर ज्वालापुर विधानसभा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद महाराज का फूल माला पहनाकर ढोल के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्यारेलाल सैनी, पूर्ण सैनी, देशराज प्रधान, राय सिंह, मास्टर कर्मपाल सैनी, प्रवीण सैनी, सोम सैनी, धर्मपाल, सेवाराम भारती, सोनू भारती, अनिल, पॉपीन राणा, राजेंद्र, संजय बर्मन, रविंद्र गिरी, डॉ रमेश कुमार, संजय कश्यप, पवन, संजय कश्यप, विनोद कुमार आदि लोगों मौजूद रहे। वहीं, दूसरी ओर शाहपुर शीतलाखेड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन करते हुए स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नाम विश्व में रोशन किया है और आज आपदा के समय में प्रभावित और पीड़ितों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं के प्रति सजग होकर निगरानी में सुविधाओं के लिए काम करा रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ नेता शेषराज सैनी, जिपं सदस्य संजय सरदार, नितिन सैनी, प्रधान प्रमोद सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी, प्रधान दीपक, विनोद सैनी, डिंपल सरदार, पटवारी सरदार, योगेश सैनी, नीटू सैनी, संजय सैनी, लक्ष्मीचंद आदि शामिल हुए।



उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदर्शिता से प्रदेश के हर व्यक्ति का विकास होगा। उन्होंने आपदा जैसी विषम परिस्थिति में जनताहित में धरातल पर उतरकर काम करने पर सराहना की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरि, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, दर्जाधारी सुनील सैनी, संजय पाल, धर्मेंद्र प्रधान, अरविंद, सौरभ शर्मा, श्रवण चौहान, सचिन चौहान आदि शामिल हुए।

# जरूरतमंद लोगों की मदद को ह्यूमन इफेक्टिव रिलीफ एडवांस्ड ट्रस्ट बढ़ा रही हाथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ह्यूमन इफेक्टिव रिलीफ एडवांस्ड ट्रस्ट संस्था लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद को आगे आ रही है। गुरुवार को संस्था ने पैसों की तंगी के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे एक 16 वर्षीय छात्र की स्कूल फीस जमा की। साथ ही छात्र के बीमार पिता का आयुष्मान कार्ड बनवाया और इलाज में अपने स्तर से मदद करने का वादा किया। संस्था पिछले काफी समय से जरूरतमंद लोगों को राशन भी पहुंचाती आ रही है। इस मौके पर संस्था के पदादिकारियों ने बताया कि उनकी संस्था हमेशा से गरीब, परेशान और हर मुसीबतज्दा लोगों के साथ हमेशा उनकी मदद करने में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती आई है। संस्था को जानकारी मिली की पिता की बीमारी के कारण एक छात्र की पिछले काफी समय से स्कूल की फीस जमा नहीं हुई थी और ना ही उनके पास पढ़ाई के लिए पुस्तके थी। जिस वजह से उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट गई और वह अपना घर छोड़कर सिड़कुल में काम कर रहा है। संस्था के पदाधिकारी गणों ने जानकारी प्राप्त कर उनकी आर्थिक मदद कर छात्र को उसके घर भेज स्कूल में फीस जमा कराई। साथ ही छात्र के पिता का आयुष्मान कार्ड बनवाया। संस्था ने पिता के इलाज में सहयोग करने का आश्वासन दिया।



## उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के वैज्ञानिकों ने

# भीमगोड़ा में भूस्खलन क्षेत्र का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भीमगोड़ा क्षेत्र में पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन के उचित प्रबंधन हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की भूवैज्ञानिक टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीनियर भूवैज्ञानिक डा.रुचिका टंडन ने अवगत कराया कि भीमगोड़ा क्षेत्र की मेजर भूगर्भीय समस्या यह है कि रॉक मड स्टोन का जो पहाड़ है। वह बहुत कमजोर है। उन्होंने कहा कि स्टोन का परीक्षण कराया जायेगा। परीक्षण उपरांत ही भूस्खलन क्षेत्र के उचित प्रबंधन के लिए व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसकी जांच रिपोर्ट जल्द ही प्रशासन को उपलब्ध कराई जाएगी तथा इस संबंध में जो भी ट्रीटमेंट प्लान तैयार किया जाएगा। उसके लिए वन विभाग, रेलवे, लोक निर्माण विभाग एव आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की जाएगी। निरीक्षण के दौरान भूवैज्ञानिक डा.रघुबीर, राजाजी पार्क उप निदेशक अजेय नेगी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, अधिशासी अभियंता लोनिवि दीपक कुमार, सहायक अभियंता लोनिवि गणेश जोशी, सुनील कुमार एवं रेंजर वीरेंद्र तिवारी, चौकी इंचार्ज हरकी पौड़ी संजीत कंडारी आदि मौजूद रहे।



## भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश मंगल ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से लिया आशीर्वाद

# धर्मसत्ता के बिना अधूरी है राजसत्ता : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश मंगल ने परिवार सहित निरंजनी अखाड़ा पहुंचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से भेंटकर आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने राजेश मंगल और उनके परिजनों को मनसा देवी की चुनरी भेंटकर आशीर्वाद दिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि राजसत्ता धर्मसत्ता के बिना अधूरी है। धर्माचार्यो और संतों के मार्गदर्शन में ही समाज को दिशा मिलती है। समाज को ज्ञान की प्रेरणा देकर धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने के साथ संत समाज राष्ट्र की एकता अखंडता को मजबूत करने में भी मुख्य भूमिका निभा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश मंगल ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार और सामाजिक एकता को मजबूत करने में संतों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविद्रपुरी धर्म और अध्यात्म क्षेत्र के साथ सामाजिक सेवाओं में भी महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। उनका सेवाभाव सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान डा.केके मंगल, अशोक मंगल व परिजन मौजूद रहे।



# ज्वालापुर का सीता घाट जर्जर, मंडरा रहा दुर्घटना का खतरा

**गहरी दरारों की वजह से कभी भी गिर सकती है घाट की दीवार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर उपनगरी का प्रमुख सीता घाट पुल और गंगा घाट अपनी जर्जर हालत के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों के लिए जानलेवा खतरा बन चुका है। घाट की दीवारों में गहरी दरारें आ चुकी हैं। चबूतरे की टाइल्स उखड़ और धंस चुकी हैं। जबकि श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए बनाई गई सीढ़ियां टूट चुकी हैं। स्थानीय पुजारियों मोहित जोशी, पंडित पंकज शास्त्री और सीताराम जोशी ने बताया कि घाट की दीवारें कभी भी गिर सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन घाट की मरम्मत को लेकर उदासीन है। बरसात के मौसम में हालात और बिगड़ने की आशंका है, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सीता घाट पर स्थित मंदिर में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं। श्रद्धालु घाट की सीढ़ियों से होकर मंदिर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा, गंगा स्नान के लिए भी बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। क्षतिग्रस्त सीढ़ियां और घाट की दीवारें कभी भी धराशायी हो सकती हैं, जिससे श्रद्धालुओं की जान को बड़ा खतरा है। 2005 और 2006 में भारत जागृति मिशन और व्यापार संघ मेन बाजार ने सीता घाट पर गंगा आरती के लिए एम्प्लिफायर, माइक सेट और लाउडस्पीकर लगाए थे, ताकि श्रद्धालु पूजा अर्चना और स्नान कर सकें। लेकिन पिछले दो वर्षों से लगातार मांग करने के बावजूद घाट की मरम्मत नहीं हो पाई है।

ज्वालापुर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सीता घाट इस इलाके का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण गंगा घाट है। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते यह घाट जर्जर हालत में पहुंच गया है। स्थानीय निवासी और श्रद्धालु बारिश के मौसम में दीवार गिरने और हादसे को लेकर चिंतित हैं। पंडित पंकज शास्त्री ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों से अपील की है कि वे घाट की मरम्मत' को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण हालात और खराब हो रहे हैं। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो बड़ा हादसा हो सकता है।



# सुराज सेवादल ने लगाया धार्मिक संपत्तियों पर कब्जे का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सुराज सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी ने मायापुर स्थित एसपी सिटी कार्यालय पहुंचकर एसपी सिटी पंकज गैराला को ज्ञापन दिया और विवादित संपत्तियों पर भूमाफियाओं के अवैध रूप से कब्जा किए जाने पर रोक लगाने की मांग की। रमेश जोशी ने कहा कि भूपतवाला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आश्रम, अखाड़ों, मठ, मंदिरों की धार्मिक संपत्तियों पर विवाद बनाकर भूमाफिया कब्जा करने का कुचक्र चला रहे हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। विवादित जमीनों पर अवैध रूप से होटल बनाए जा रहे हैं। धार्मिक संपत्तियों को हड़पने का काम किया जा रहा है। बाहर के लोग ग्रुप बनाकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। इन घटनाओं पर रोक लगनी चाहिएं। रमेश जोशी ने आरोप लगाया कि कुछ भूमाफियाओं को राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं का संरक्षण भी मिल रहा है। ऐसे लोगों के चेहरे पर बेनकाब होने चाहिएं। उन्होंने चेतावनी दी कि भू माफिया पर अंकुश नहीं लगा तो आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान हिमांशु, अरविंद, अजय मौर्या, आशुतोष मिश्रा, इंतजार, जावेद, जमाल, नफीस, रइस आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार से अंग्रेजी शराब के खेप लेकर आ रहे एक गिरफ्तार, एक फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में कार से अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहे एक युवक पुलिस पुलिस ने पकड़ लिया जब की उनका साथी भगाने में कामयाब रहा। कार के अंदर से दस पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। कार को सीज कर दिया है। नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि हरिद्वार एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार की रात वाहन चौकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा रामघाट के पास कार स्विफ्ट डिजायर को रोकने का इशारा किया तो चालक वाहन को तेजी से आगे ले गया जिसे पुलिस टीम ने कुछ दूरी पर ही पकड लिया। इसी दौरान एक व्यक्ति मौके से भाग गया। कार चालक कार की तलाशी लेने पर दस पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी चालक ने अपना नाम चन्द्रप्रकाश पुत्र गरीबदास निवासी कृष्णा नगर थाना पल्लवपुरम मेरठ उत्तर प्रदेश बताया है।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। फरार साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी रितेश शाह, एसआई सुनील पंत, कांस्टेबल आंनद तोमर व अनिल सिंह शामिल रहे।

# सुकरासा नदी का रफ्टा तेज पानी के बहाव में टूटा

## करीब बीस गांव का बहादराबाद, ज्वालापुर से संपर्क टूटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पहाड़ से लकर मैदानी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में जल भराव से भारी नुक्सान हुआ है। पथरी से बहादराबाद जाने वाले मार्ग पर गांव सुकरासा नदी का रफ्टा तेज पानी के बहाव में टूटने से रेलवे अंडर पास में भी पानी भर गया। जिससे लगभग बीस गांव का बहादराबाद, ज्वालापुर से संपर्क टूट गया है। किसानों को अपने खेतों में जाने के लिए भी लंबे रास्ते से होकर जाना पड़ रहा है।

पहाड़ी व मैदानी इलाकों में लगातार हो रही तेज बारिश से मैदानी इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए है। मैदानी इलाकों में आए तेज पानी से सुकरासा नदी पर बना रफ्टा पानी के तेज बहाव में टूट गया है। जिससे लगभग बीस गांव का संपर्क बहादराबाद, व ज्वालापुर से कट गया है। वहीं अन्य दो मार्गों पर बने रेलवे अंडरपास में भारी पानी भर गया है। रपटा टूटने व अंडपास में जलभराव होने से गांव सुगरसा, पथरी, अम्बुवाला, झाबरी, धनपुरा, फेरुपुर, टिहरी विस्थापित, घोसीपुरा सहित अन्य गांव का सम्पर्क बहादराबाद और एक्कड़ कलां से कट गया। लोगों को बहादराबाद और एक्कड कला जाने के लिये ज्वालापुर सराय से होकर जाना पड़ा। किसानों को अपने खेतों में आने के लिये दस किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। लोनिवि के जेई सुरेश तोमर ने बताया रपटा टूटने से लोगों को परेशानी हुई है, जल्द रपटा बनाया जाएगा।



# पशुपालन विभाग में जलभराव से लोगों को परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** लगातार हो रही बारिश के चलते पशुपालन विभाग के प्रांगण में पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोग व क्षेत्रवासी परेशान हो गए हैं। पानी भरने के कारण पशुओं का इलाज कराने आए ग्रामीणों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लोग अपने पशुओं को भीतर ले जाने की बजाय बाहर ही बांधने को मजबूर हो गए। विभाग के प्रांगण में दो सूखे व जर्जर पेड़ खड़े हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं और लोगों व पशुओं की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। इसके साथ ही बिजली का केबल धरती पर नंगा/छिला हुआ पड़ा है, जिस पर पानी का फैलाव होते ही करंट फैलने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि शीघ्र ही नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि पशुपालकों और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।



# जनसेवा टीम सामाजिक कार्य व सफाई में दे रही योगदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बारिश होने के बावजूद भी अलीपुर गांव की जनसेवा टीम सामाजिक कार्यों में पीछे नहीं हट रही है। सड़क के किनारे लगाई गई स्ट्रीट लाइटों की रिपेयरिंग, सड़क और गांव के श्मशान घाट की साफ सफाई व देखभाल करने में बढ़ चढ़कर अपना योगदान दे रही है। कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण गांव के श्मशान घाट में घास फूंस उगने की समस्या उत्पन्न हो गई थी। श्मशान घाट में लगाए गए फूल -पौधों को भी काफी नुकसान हुआ है। आज जनसेवा टीम ने श्मशान घाट में साफ सफाई व वृक्षारोपण का कार्य किया। कुछ जगहों पर बारिश के कारण मिट्टी कटाव हो गया था, जिसे आज भराव कर सही किया गया। सभी ने मिलकर श्रमदान किया। जनसेवा टीम लगातार श्मशान घाट की साफ सफाई व देखभाल करने का कार्य करती है। सभी ने मिलकर श्मशान घाट के सौंदर्यकरण करवाने के लिए आगे भी योजना बना रखी है। सभी की एकजुटता, मेहनत व योगदान से श्मशान घाट की स्थिति में बहुत ज्यादा सुधार हुआ है। जनसेवा टीम के सभी सदस्य श्मशान घाट में झाड़ू लगाने और साफ सफाई करने में किसी भी प्रकार से शर्म और भेदभाव नहीं करते हैं।आज श्रमदान करने वालों में खजान सिंह, भगवान दास, नवीन कुमार, संजय राजपूत, संजीव, गौतम, शिवम, भुवनेश, विशेष, कुणाल, प्रशांत, इत्यादि उपस्थित रहे।



**सूचना ( खोया-पाया )**

एक भूखण्ड जो स्थित सलेमपुर महदूद द्वितीय परगना रुड़की व जिला हरिद्वार में है, उक्त सम्पत्ति का इकरारनामा की बही सं0 1, जिल्द 4417 के पृष्ठ 177 से 194 पर क्रमांक 3135 दिनांक 18.05.2018 को उपनिबंधक कार्यालय हरिद्वार प्रथम में पंजीकृत है। जो वास्तव में कहीं गुम हो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। श्रीमती कुन्ती पत्नी श्री सुरेश झबरपुर हरिनगर, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।

# मंडी परिसर में अतिक्रमण करने के खिलाफ मंडी प्रशासन ने शुरू किया अभियान

**दुकानों के सामने अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को दिए नोटिस**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मंडी परिसर में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मंडी प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। जिसके तहत दुकानों के सामने अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को नोटिस दिए गए है। साथ ही गुरुवार को कुछ दुकानों से सामने से अतिक्रमण हटाया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट/ प्रशासक मंडी समिति के आदेश पर की गई है।

गौरतलब है कि सराय रोड स्थित ज्वालापुर मंडी समिति में व्यापारियों द्वारा दुकानों के साथ फड़ लगा कर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसको लेकर लोगों ने जिलाधिकारी और मंडी प्रशासन को शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित व नगर मजिस्ट्रेट/ प्रशासक मंडी समिति कुशुम चौहान के निर्देश पर बीते दिनों अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को नोटिस जारी किए गए थे। साथ ही अनाउंसमेंट के जरिए अतिक्रमण हटाने की अपील की गई थी। जिसके बाद गुरुवार को सचिव मंडी समिति लवकेश गिरी के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ व्यापारियों व आढ़तीयों द्वारा दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस मौके पर मंडी निरीक्षक/फल सब्जी प्रभारी शिवमूर्ति सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। दुकानों के आवंटन को लेकर लग रहे आरोपों पर उन्होंने बताया कि दुकानों का आवंटन नियमानुसार किया गया है। मंडी परिसर में कही भी दुकानों को बनाने का निर्णय शासन प्रशासन द्वारा लिया जाता है।



## दुकानों के सामने अवैध रूप से फड़ लगा चल रही वसूली

**हरिद्वार।** मंडी परिसर में कुछ व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों के आगे अवैध रूप से फड़ लगवाए गए है। जिनसे वह वसूली कर रहे है। अतिक्रमण अभियान के चलने से ऐसे व्यापारियों को वसूली रुकने व फड़ हटने का खतरा सताने लगा है। जिस कारण कुछ व्यापारी अतिक्रमण के विरोध में उतर आए है। साथ ही वह इस कार्रवाई को व्यापारी विरोधी बता रहे है। लेकिन अतिक्रमण के खिलाफ मंडी प्रशासन के सख्त रुख से जहां एक और मंडी आने वाले लोगों को राहत मिलेगी तो वहीं दूसरी और अन्य व्यापारियों व किसानों के रोजगार में भी इजाफा होगा। साथ ही मंडी व्यवस्थित ढंग से चल सकेगी। साथ ही कई व्यापारी इस अभियान व कार्रवाई को व्यापारियों के हक में बता रहे है।

# हाईटेंशन लाइन के नीचे सड़क किनारे खड़े ट्रक में करंट आने से लगी आग, मची अफरा तफरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्यामपुर थाना क्षेत्र कांगड़ी में हाईटेंशन लाइन के नीचे सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में करंट आ जाने से घरेलू सामन से लदे ट्रक में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग बढ़ गई चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई।सूचना पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत से आग को बुझाया गया।अग्निशमन विभाग के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह की है। सूचना मिली कि श्यामपुर कांगड़ी नजीबाबाद हाईवे सड़क पर एक ट्रक में आग लग गई है।सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी हरिद्वार के नेतृत्व में दो फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पहुंची। आग एक घरेलू सामान से लदे ट्रक में लगी थी। जो लखनऊ से आ रहा था। फायर कर्मियों द्वारा ट्रक में लदा हुआ घरेलू सामान पूरी तरह से बाहर निकालकर डथ्म् एवं होज पाइप की सहायता से आग पर काबू पाया। इस अग्निदुर्घाटना में ट्रक में रखे घरेलू सामान का काफी नुकसान पहुंचा है। कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर यूनिट टीम में डीवीआर प्रकाश मनोड़ी, डीवीआर संजय कैंतुरा, डीवीआर सुरेंद्र रावत, एलएफएम कुंवर सिंह राणा, एफएम मातबर सिंह, एफएम शैलेन्द्र भट्ट, एफडब्लू ममता पाण्डेय, एफडब्लू हिमानी, एफडब्लू शीतल सैनी, एफएम वीरेंद्र सिंह शामिल रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# डीएम व एसपी ने किया नंदानगर आपदा क्षेत्र का दौरा

- जिलाधिकारी ने आपदा प्रभावित लोगों से मिलकर जाना हाल हर संभव सहायता का दिया आश्वासन
- 10 लापता लोगो में 2 के शव बरामद 8 की खोज जारी
- हेली के माध्यम से घायल और बीमार लोगों को भेजा गया देहरादून



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने गुरुवार को नंदानगर के कुंतरी फाली, सेरा और धुरमा गाँवों का दौरा कर आपदा क्षेत्र का निरीक्षण किया उन्होंने आपदा प्रभावितों से बातचीत कर आपदा की जानकारी ली और पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को बाधित मार्गों को शीघ्र सुचारु करने, प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में शिफ्ट करने तथा भोजन और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभावित परिवारों के लिए सैती प्राथमिक विद्यालय, मरिया आश्रम और पूर्ति निरीक्षक गोदाम फाली में राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। धुरमा गाँव के लगभग 25 और सेरा गाँव के लगभग 12 प्रभावित परिवारों के लिए शिविरों की व्यवस्था तहसील प्रशासन द्वारा की जा रहीं हैं।

आपदा में कुंतरी फाली गाँव के आठ लोग लापता हुए थे, जिनमें से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने दो व्यक्तियों कुंवर सिंह और नरेंद्र सिंह के शव को रिकवर किया। कुंतरी फाली के शेष छह और धुरमा गाँव के दो लोग अब भी लापता हैं, जिनकी खोजबीन जारी है।इस दौरान गंभीर रूप से घायल और बीमार व्यक्तियों को तत्काल राहत उपलब्ध कराते हुए 12 लोगों जिनमें भीम सिंह (55), कमला देवी (60), सचिता देवी(53 वर्ष)सहित अन्य को हेलीकॉप्टर के माध्यम से उपचार हेतु देहरादून भेजा गया।

नंदानगर आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत और बचाव कार्यों को तेज गति से संचालित किया जा रहा है। तहसील प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस और पीआरडी की टीमें लगातार मौके पर डटी हुई हैं। राहत कार्यों के दौरान विधायक भूपाल राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, एसडीएम आर.के. पाण्डेय, तहसीलदार दीपशिखा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# युवकों के साथ मारपीट करने वाले दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कोतवाली पुलिस ने विकासनगर क्षेत्र में युवकों के साथ हॉकी से मारपीट करने वाले दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार। युवकों के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसएसपी देहरादून ने कार्यवाही के निर्देश दिए थे।



सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो, जिसमें 2 व्यक्ति दो युवकों को हॉकी तथा लातों से मारते हुए दिखाई दे रहे है, उक्त वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए एसएसपी देहरादून द्वारा तत्काल वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए युवकों के साथ मारपीट करने वाले एक आरोपी युवराज पुत्र चन्दन निवासी कटापत्थर कोतवाली विकासनगर को 17 तारीख को गिरफ्तार किया गया था। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर दोनो आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त अमन घटना के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसकी तलाश हेतु पुलिस द्वारा लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिशें दी जा रही थी।

पुलिस द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों से आज गुरूवार को पुलिस टीम द्वारा आरोपी अमन तोमर पुत्र आनंद तोमर निवासी ग्राम पपडियान, थाना विकासनगर को लक्ष्मणपुर विकासनगर से गिरफ्तार किया गया।

# डीएम नितिका ने पैदल चलकर दिया फिटनेस का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने 'नो व्हीकल डे' के अवसर पर अपने आवास से कार्यालय तक पैदल चलकर एक अनोखी मिसाल पेश की।

उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि समाज और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।

दरअसल, केन्द्र और राज्य सरकार की विकसित भारत संकल्प योजना के तहत चलाए जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी ने सप्ताह में एक दिन बिना वाहन उपयोग किए पैदल चलने का निर्णय लिया है।

उनका कहना है कि पैदल चलना सबसे आसान व्यायाम है, जो शरीर को तंदरुस्त रखता है और साथ ही यातायात व प्रदूषण को भी कम करता है।

उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर नियमित रूप से पैदल चलने और फिटनेस गतिविधियों को अपनाने की आदत डालें। डीएम ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे पाते, लेकिन छोटे-छोटे कदम उठाकर जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल में यश ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**चकराता।** जौनसार बावर क्षेत्र के यश शर्मा ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार जीत दर्ज कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यश, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय रोशनाबाद, हरिद्वार के प्रतिभावान छात्र हैं।यश की इस उपलब्धि से न केवल उनके विद्यालय का मान बढ़ा है, बल्कि पूरे लाखामंडल और जौनसार बावर का नाम भी रोशन हुआ है। उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें यह सफलता दिलाई है।यश के पिता ने कहा कि हमें अपने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व है।

# आसन नदी में बहे ट्रैक्टर सवार एक महिला का शव बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने 16 सितम्बर को आयी आपदा में आसन नदी में बहा एक शव बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 112 के माध्यम से थाना कोतवाली सहसपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुशालपुर से लगी आसन नदी के दूसरी तरफ नदी किनारे एक शव है। सूचना पर तत्काल कोतवाली सहसपुर पुलिस मौके पर पहुंची, एसडीआरएफ को सूचना देकर बुलवाया गया।



स्थानीय पुलिस व एसडीआरएफ द्वारा शव को आसन नदी के दूसरी ओर से ग्राम खुशहालपुर के किनारे की तरफ लाया गया। 16 सितम्बर को परवल में हुई आपदा की घटना जिसमें कुछ लोग ट्रैक्टर में बह गए थे से संबंधित लोगों को मौके पर बुलवाया गया। आसन नदी के किनारे बरामद इस महिला के शव की शिनाख्त मृतका के चाचा नन्हे पुत्र प्यारेलाल, लालाराम पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम लहरारतु थाना रजपुरा जिला संभल उत्तर प्रदेश व फूफा पवन पुत्र नेतराम निवासी ग्राम रहरई थाना आदमपुर अमरोहा उत्तर प्रदेश के द्वारा नीता पुत्री हीरालाल निवासी लहरारतु थाना रजपुरा जिला संभल यूपी उम्र 18 वर्ष के रूप में की गई।

मृतका के शव का पंचायतनामा व अन्य विधिक कार्यवाही के लिये उप जिला अस्पताल विकासनगर भेजा भेजा गया।

## एक नजर .......

### सीमांत गांव रांसी में भांग की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**रुद्रप्रयाग।** नशा मुक्त देवभूमि मिशन के तहत रुद्रप्रयाग पुलिस की ओर से अवैध मादक पदार्थों के विक्रय व तस्करी पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाने को लेकर सघन चौकिंग अभियान चलाते हुए नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध भांग की खेती को नष्ट करते हुए स्थानीय लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि रुद्रप्रयाग पुलिस व प्रशासन स्तर से उप जिलाधिकारी ऊखीमठ व पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी के नेतृत्व में रांसी और आसपास के क्षेत्र में अवैध भांग की खेती नष्ट किये जाने को लेकर अभियान चलाया गया। इसको लेकर पुलिस व प्रशासन स्तर से टीमें गठित कर संयुक्त कार्यवाही की गयी। करीब 7-8 गांवों में पुलिस स्तर से कार्यवाही की गयी। पुलिस के पास भांग की खेती को लेकर सूचनाएं मिल रही हैं, जिसको लेकर कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। उन्होंने आम जनमानस से अपील कि नशे की प्रवृत्ति से दूर रहें तथा नशा मुक्ति अभियान में जिला पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

### विधायक ने पेयजल अधिकारियों के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्रों पर की चर्चा



**विकासनगर।** सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने अपने कैंप कार्यालय सुद्धोवाला में जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ आपदा के बाद उत्पन्न जल संकट को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में आपदा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा की गई। विधायक पुंडीर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जाए और पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहाँ-जहाँ पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहाँ तत्काल टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी क्षेत्रवासी को असुविधा का सामना न करना पड़े।विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि इस कठिन परिस्थिति में जनता को राहत पहुँचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन व विभागीय अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करें।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कुमारी कंचन, मेघ सिंह, यशपाल नेगी, ग्राम प्रधान कांसवाली कोठडी नीरज नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्यामा देवी, चतर सिंह ग्राम प्रधान बिधोली, अभिषेक अनुज आदि लोग उपस्थित रहे।

### उत्तरकाशी स्वास्थ्य शिविरों में अभी तक 2898 लोगों ने कराया पंजीकरण

**उत्तरकाशी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानष चला जा रहा जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में अभी तक कुल 2898 ओ पी डी देखी गई जिनमें 1434 लोगों की हाइपरटेंशन, 1217 लोगों की शुगर,102 लोगों की सर्वाइकल कैंसर, 300 लोगों की ब्रेस्ट कैंसर, 422 लोगों की ओरल कैंसर, 683 लोगों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई जबकि 321 का टीकाकरण, 195 लोगों की टी बी जांच की जा चुकी है। स्वास्थ्य शिविर में 18 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं । मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में अभी तक 193 लोगों द्वारा रक्तदान हेतु पंजीकरण किया गया जिनमें से 5 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया जा चुका है एवं शेष द्वारा आगामी आने वाले दिनों में रक्तदान किया जाएगा। 36 लोगों द्वारा निक्षय मित्र बनने हेतु शपथ ली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानष के तहत कल 19 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुंडा में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा

# कालसी चकराता मार्ग पर मलबा आने से फंसे वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** जनजातीय क्षेत्र जोनसार बावर में लगातार बारिश होने के कारण सड़कों के बंद होने का सिल. सिला जारी है। पिछले दो दिनों से से हो रही भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त पघ्डा हुआ है।

बीते रात्री हुई भारी बारिश से जनजातीय क्षेत्र जोनसार बावर के मुख्य मोटर के लैंड स्लाइड जोन जजरेट, असनाडी और चापनू के समीप भूस्खलन होने से भारी मलबा पत्थरों के आने से यातायात बुधवार रात 10 बजे से ठप हो गया। मार्ग बंद होने से गुरुवार सुबह से ही चापनू के समीप सड़क के दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लगी रहीं। सड़क बंद होने से देहरादून, विकासनगर, चकराता, सहिया जाने वाले लोग परेशान रहे वहीं किसान भी सड़क बंद होने से अपनी नगदी फसलों को मंडियों तक नहीं पहुंचा पाए।लोक निर्माण विभाग सहिया की सहायक अभियंता राधिका शर्मा ने बताया कि चापनू के समीप पहाड़ से भारी मात्रा में मलबा आया हुआ है मार्ग से मलबा हटाया जा रहा है मार्ग को सुचारू करने का प्रयास जारी है। वहीं जजरेट, असनाडी के पास भी मशीने मलबा हटाने में जुटी हुई है।



# नौगांव आपदा पीड़ितों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** बीते 6 सितंबर को नगर पंचायत नौगांव में अतिवृष्टि हुए से प्रभावित लोगों ने सरकार और प्रशासन की अनदेखी पर आरा. ेप लगाया है। प्रभावितों ने नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया और सही नुकसान के आकलन की मांग की है। गुरुवार को नगर पंचायत नौगांव के वार्ड- 4,6 के आपदा प्रभावितों ने सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर लोगों ने आपदा में हुए नुकसान का सही आकलन करने की मांग की। साथ ही चेता. वनी दी कि यदि तत्काल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रभावितों ने नौगांव चौराहे पर प्रशासन और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विधायक और प्रशासन पर आरोप लगाया कि नौगांव नगर पंचायत में भीषण आपदा आई जिसमें सैकड़ों लोग प्रभावित हुए, लेकिन सरकार और प्रशासन ने नुकसान का सही आकलन नहीं किया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

इसके अलावा बिंगसी मटेली, देवलसारी, धारी और फल पट्टी सेवरी में भी भारी भूधंसाव हुआ, जिसमें सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं, जिसको लेकर ग्रामीण सही आकलन कर पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। कुलदीप चौहान, गिरवीर आदि मौजूद थे।

# राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में नमामि गंगे इकाई के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान कॉलेज परिसर सहित आस-पास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही आम लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने मिलकर परिसर में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने न केवल परिसर की सफाई की, बल्कि लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में जिम्मेदारी निभाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। आयोजकों ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में आगामी दिनों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# नियामक आयोग के समक्ष खुला समस्याओं का पिटारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग ने ऊखीमठ नगर में विद्युत उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में जहां आयोग के सदस्यों व अधिकारियों ने विद्युत उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित नियमों, विनियमों जैसे बिजली के नये कनेक्शन, बिलों के भुगतान, मीटरिंग एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया विषयक जानकारी दी। वहीं उपभोक्ताओं द्वारा मौके पर उठाई गई विद्युत संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए यूपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए।




ऊखीमठ में आयोजित एक दिवसीय जन-गोष्ठी "विद्युत नियामक आयोग आपके द्वार" कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने प्रतिभाग किया। जनगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य आयोग द्वारा उपभोक्ताओं को उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि के लिए अब तक बनाए गये विनियमों की जानक. ारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाना था। बिजली संबंधी सामान्य शिकायतों का निस्तारण किया गया। जन गोष्ठी में 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। गोष्ठी में विभिन्न विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतें जैसे कि नया विद्युत संयोजन, स्थापित क्षेत्र में नये विद्युत लाइन, क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को दुरूस्त करने, पोल/विद्युत लाइन हटाने, बिल संशोधन, पुराने कनेक्शन कटवाने, नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने आदि के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से कई शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। आयोग के सदस्य (तकनीकी) ने यूपीसीएल के अधिकारियों को शेष शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण करके अनुपालन आख्या आयोग को प्रस्तुत करने का निर्देश दिए।

इस मौके पर नियामक आयोग के सदस्य विधि अनुराग शर्मा, सदस्य तकनीकी प्रभात किशोर डिमरी, सदस्य (तकनीकी) के साथ ही आयोग के सचिव नीरज सती, निद. ेशक (वित्त), दीपक पाण्डे, निदेशक गौरव शर्मा, संयुक्त निदेशक यशवर्द्धन डिमरी, उप निदेशक दीपक कुमार, उप निदेशक, सहायक निद. ेशक विधि शिवांकू भट्ट मौजूद थे।

# बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए खेलों का आयोजन जरूरी:पुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत न्याय पंचायत मयकोटी में खेल स्पर्धाओं का शुभारंभ हो गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुये तिलवाड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष बिनिता पुरी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने के लिए दौड़ भाग वाले खेलों की तरफ ले जाने की विशेष जरूरत है। उन्होंने संकुल तिलवाड़ा की प्रशंसा करते हुए कहा कि संकुल द्वारा प्रतिवर्ष क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन भव्य आयोजन के साथ किया जाता है। जनता जूनियर हाई स्कूल शाणेश्वर की सहायक अध्यापिका देवेश्वरी नेगी ने मांग रखी कि संकुल स्तर की क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए शाणेश्वर विद्यालय के क्रीड़ागन को विकसित किया जाना चाहिए। मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि आगामी समय में इस स्थल की चार दीवारी सहित मंच व शौचालय की व्यवस्था बने। जनता जूनियर हाई स्कूल शाणेश्वर के क्रीड़ा प्रांगण में सम्पन्न इस खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद, गोला, चक्का, कब्बड्डी, खो-खो में अपना दमखम दिखाया। बालक वर्ग प्राथमिक की 50 व 100 मी दौड़ में जनता जूनियर हाईस्कूल शाणेश्वर के आदित्य प्रथम, चौकी बर्सिल के शुभम द्वितीय व अतुल मॉडल के नवल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग की बालिकाओं में आरुषी प्रथम, मानसी द्वितीय व विद्यांशी ने तीसरा स्थान पाया। इसी वर्ग की बालक वर्ग लम्बी कूद में आदित्य प्रथम, आदित्य द्वितीय, वंश तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग की बालक लम्बी कूद में अंशुल व प्रियांशु ने प्रथम व द्वितीय तथा दिव्यांक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिक. ाओं में दीक्षा ने प्रथम तथा मनीषा व तमन्ना ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने में मुरारी राज, देवी प्रसाद गोस्वामी, दीपक राणा, सुमन बुटोला, प्रकाश भट्ट, रवि कुमार, गंभीर बुटोला, आनंद पाल भण्डारी, देवेन्द्र काण्डपाल आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर वार्ड सभासद रजनी देवी, दर्शनी देवी, हैप्पी असवाल, प्रदीप राणा, देवी प्रसाद गोस्वामी, गंभीर सिंह बुटोला, सुमन बुटोला, देवेन्द्र काण्डपाल, युद्धवीर सिंह जगवाण, धीरेन्द्र भण्डारी, शशि चंद्र नौटियाल सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राउप्रावि डांगी गुनाऊं के अध्यापक हेमंत चौकियाल और राप्रावि कर्णधार के आनंद पाल भण्डारी ने किया।



# 25 सितम्बर को होगा श्रमदान

**नई टिहरी।** विद्युत क्षेत्र के अग्रणी सार्वजनिक उपक्रम टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में सक्रिय भागीदारी दर्ज की है। इस वर्ष अभियान की थीम स्वच्छोत्सव रखी गई है, जिसका उद्देश्य स्वच्छ और हरित उत्सवों को प्रोत्साहित करना तथा शून्य-अपशिष्ट सामुदायिक समारो. हों को बढ़ावा देना है। आर.के. विश्नोई ने संगठन की प्रतिबद्धता दो. हराते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है।

# स्वास्थ्य शिविर में भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने करवाई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव' पर जिला देहरादून ग्रामीण के सुद्धोवाला मण्डल के भगवानपुर ग्राम सभा में सुभारती अस्पताल द्वारा निशुल्क 'स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया गया जिसमें आंख कान नाक गला बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा शारीरिक रोगो की जांच निशुल्क की गयी जिसमें क्षेत्र वासियों ने बड़ी संख्या में जांच करवाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल, जिला महामंत्री अमित डबराल, पूर्व जिला महामंत्री युवा मोर्चा विकास रमोला, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवींद्र रमोला, ग्राम प्रधान सोनिया रमोला, आशा मेहता, अरविंद रावत, रणजी कैनतुरा, राम प्रसाद कोटनाला, उमेश नेगी, नरेंद्र सकलानी, सचिन कुमार, खुशी राम, मेहता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## 2013 के बाद इस वर्ष सर्वाधिक प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में रहा उत्तराखंड

# आपदा का कहरः इस वर्ष अब तक 61 की मौत, 84 लापता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड काफी लंबे समय से लगातार आसमानी आफत झेल रहा है। कभी बादल फटने की गड़गड़ाहट, कभी पहाड़ों का दरकना और कभी नदी-नाले का उफान... पहाड़ी जिलों से लेकर दून घाटी तक तबाही के निशान हर जगह दिखाई दे रहे हैं। गांव के गांव उजड़ गए, घरों की दीवारें ढह गईं और लोगों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, 2025 में अब तक 61 लोगों की मौत हो चुकी है, 84 लोग लापता हैं और 94 घायल है। हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। आज उत्तराखंड के पहाड़ रो रहे हैं। हर गांव में उजड़े आंगन, हर घर में टूटी उम्मीदें और हर आंख में सवाल है, आखिर कब तक आसमानी आफत इस देवभूमि पर कहर ढाती रहेगी?

28 फरवरी को चमोली जिले के माणा गांव के पास सीमा सड़क संगठन का कैंप था। अचानक आया एवलांच सब कुछ निगल गया। बर्फ के नीचे से सैनिकों की लाशें निक. ाली गईं।

5 अगस्त की रात उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटा। मिनटों में पानी और मलबे ने पूरे बाजार को बहा दिया। होटल, दुकानें और घर मलबे में समा गए। अगस्त के आखिरी हफ्ते में रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में बादल फटा। पहाड़ से गिरे मलबे ने खेतों को बर्बाद कर दिया। चार लोग मारे गए, कई लापता हो गए। 15 सितंबर के मध्य में देहरादून में तामसा नदी उफान पर आ गई। सहस्त्रधारा में बादल फटने से तबाही मच गई। कई गाव आपदा की चपेट में आ गये, एमडीडीए कॉलोनी से लेकर दर्जनों बस्तियों में घरों में पानी भर गया। इस आपदा में 23 लोगों की जान गई, कई अभी भी लापता है।

## लापता लोगों की खोज के लिए पूरी तत्परता से काम करें राहत व बचाव दलः सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन से गुरुवार देर रात चमोली जनपद में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य संचालित करने, प्रभावितों को तत्काल मदद पहुंचाने तथा प्रभावित लोगों को असुरक्षित स्थानों से सुरक्षित स्थानों में पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभिन्न घटनाओं में घायल हुए लोगों का बेहतर से बेहतर उपचार करने तथा लापता लोगों की खोज के लिए खोज एवं बचाव अभियान को तत्परता से संचालित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। राहत और बचाव दलों को प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन भाई बहनों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके रहने, भोजन के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द बिजली तथा पानी की आपूर्ति बहाल करने और क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।




### अतिवृष्टि के कारण आठ लोग लापता, 20 गौशालाओं को नुकसानः सुमन

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि बीती देर रात चमोली जनपद के तहसील नंदानगर के ग्राम कुन्तरी लगाफाली, ग्राम कुन्तरी लगा सरपाणी एवं ग्राम-धुर्मा में अतिवृष्टि के कारण भारी मलबा आने से नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को को समय लगभग प्रातः 03:00 बजे तहसील नदांनगर अंतर्गत ग्राम-कुन्तारी लगाफाली में अतिवृष्टि के कारण 08 व्यक्तियों के लापता होने तथा मलबे में दबने एवं 15-20 भवन व गौशाला के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है।

**सरपाणी गांव मे अतिवृष्टि से दो व्यक्ति लापताः** घटना स्थल पर तुरन्त प्रभाव से एसडीआरएफ एनडीआरएफ एवं आई.टी.बी.पी. गौचर 8वीं वाहिनी की टीमों को बचाव कार्य के लिए भेजा गया है। भारी वर्षा एवं मार्गों में जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण रैस्क्यू टीमों को घटना स्थल पर पहुंचने में विलंब हो रहा है। एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ, की टीम पैदल मार्ग से मौके पर पहुंचने वाली है।

वहीं दूसरी घटना तहसील नदांनगर अंतर्गत कुन्तारी लगा सरपाणी गांव में घटी है। यहां अतिवृष्टि से 02 व्यक्तियों के लापता 02 भवनों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है।

**घटना की जानकारी मिलते ही बचाव दलों को मौके पर भेजा गयाः** वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सुबह ही सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो ओबेदुल्लाह अंसारी तथा यूएसडीएमए के विशेषज्ञ राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे। कंट्रोल रूम से राहत और बचाव दलों को तुरंत एक्टिवेट करते हुए घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से खोज एवं बचाव अभियान पर निगरानी रखी जा रही है।

### 100 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

घटना स्थल पर स्थानीय पुलिस, डीडीआरएफ, एवं राजस्व की टीम द्वारा खोज एवं बचाव का कार्य किया जा रहा है। लगभग 100 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। घटना स्थल पर तुरन्त प्रभाव से एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं आई.टी.बी.पी. गौचर 8वीं वाहिनी की टीमों को बचाव कार्य के लिए भेजा गया है। भारी वर्षा एवं मार्गों में जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण रैस्क्यू टीमों को घटना स्थल पर पहुं. चने में विलंब हो रहा है। वहीं ग्राम-धुर्मा में अतिवृष्टि से मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से 02 व्यक्तियों के लापता होने तथा 8-10 भवनों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं आई.टी.बी.पी. गौचर 8वीं वाहिनी, राजस्व एवं डीडीआरएफ की टीमों को बचाव कार्य के लिए भेजा गया है। भारी वर्षा एवं मार्गों में जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण रैस्क्यू टीमों को घटनास्थल पर पहुंचने में विलंब हो रहा है। एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीम पैदल मार्ग से मौके पर पहुंचने वाली हैं।

### मलबे में दबे दो महिलाओं सहित तीन लोगों को बाहर निकाला

लबे में दबे 03 (02 महिलाओं एवं 01 बच्चे) को स्थानीय पुलिस, डीडीआरएफ एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित रैस्क्यू कर लिया गया है। लगभग 150-200 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। उपरोक्त घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नंदानगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## टपकेश्वर मंदिर स्थित तमसा नदी पर बनेगा फोल्डिंग ब्रिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने दूसरे दिन भी देहरादून के भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने से प्रभावित क्षेत्रों में हुए सड़कों, पुलों को हुए नुकसान और उसके बाद किये जा रहे मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।



महाराज ने गुरुवार को दूसरे दिन देहरादून के भारी वर्षा, भूस्खलन एवं बादल फटने से प्रभावित क्षेत्रों में हुए सड़कों, पुलों को हुए नुकसान और उसके बाद किये जा रहे मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7, उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, झाझरा सेतु के समीप और किमाड़ी-मसूरी रोड़ गजियावाला में क्षतिग्रस्त सिंचाई विभाग की नहर का स्थलीय निरीक्षण किया। महाराज ने नवरात्रि से पूर्व तमसा नदी के दोनों ओर स्थित मंदिरों में आवागमन के फोल्डिंग ब्रिज लगाने की संभावना के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त 8 सेतुओं में से 5 सेतुओं पर स्थाई रूप से कार्य करवा कर यातायात को चालू कर दिया गया है। देहरादून-मसूरी मोटर मार्ग में शिव मंदिर की पास क्षतिग्रस्त सेतु पर बैली ब्रिज बनाकर उसे यातायात हेतु खोल दिया गया है। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश कुमार शर्मा सहित लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग के अनेक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## जार्ज एवरेस्टः 30 हजार करोड़ की जमीन कौड़ियों में लुटाईः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आपदा राहत कार्यों में सरकार की नाकामी और मंसूरी स्थित जार्ज एवरेस्ट की ऐतिहासिक भूमि पर कथित घोटाले को लेकर गुरुवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अ.प्रा.) गुरमीत सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की सीबीआई जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में कराने की माँग की।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 172 एकड़ की बेशकीमती भूमि, जिसकी बाजार कीमत 30 हजार करोड़ रुपए आंकी जा रही है, मात्र 1 करोड़ रुपए वार्षिक किराए पर आचार्य बालकृष्ण की कम्पनी को सौंप दी गई। ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के अंतिम समय पर नियम बदलकर कम्पनी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। स्थानीय निवासियों के 200 साल पुराने रास्तों को बंद कर दिया गया है और पर्यटकों से मनमानी वसूली की जा रही है। बिना अनुमति के हेलिकॉप्टर संचालन भी जारी है। अब हरिद्वार के वैरागी कैम्प की भूमि भी इसी कम्पनी को देने की तैयारी है, जिस पर कांग्रेस ने गहरी आपत्ति जताई और टेंडर प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि क्या उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरें अब चंद माफियाओं और पूंजीपतियों के हवाले कर दी जाएंगी?



■ आपदा सहित हर मोर्चे पर सरकार नाकाम ■ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन ■ जनता बेहाल, सीबीआई से जांच कराने की उठाई मांग

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने किया। उनके साथ सुरेंद्र अग्रवाल, लालचंद शर्मा, गोदावरी थापली, मनोज रावत, राज. कुमार, गरिमा मेहरा दसौनी, महेंद्र नेगी व सुशील राठी आदि मौजूद रहे।

### आपदा में लाचार जनता, मूक दर्शक सरकार

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि हाल ही में आई आपदा ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। तीन दिन से कई क्षेत्रों में बिजली और पानी गायब है, राहत व पुनर्वास कार्य ठप है, जलजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। सरकार की अनदेखी से आम जनजीवन त्रस्त है, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

**कांग्रेस ने उठाई यह मांगेः** कांग्रेस ने कहा कि जार्ज एवरेस्ट की भूमि कम्पनी को देने का आदेश तुरंत निरस्त किया जाए। पूरे मामले की सीबीआई जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए। वैरागी कैम्प की भूमि की टेंडर प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए।

## कांग्रेस ने पुलवामा के शहीद सभी 40 जवानों की वीरांगनाओं को किया सम्मानित

### देहरादून में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने शहीद मोहन लाल रतूड़ी की ध्र्मपत्नी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/खटीमा।** पुलवामा आतंकवादी हमले में फरवरी वर्ष 2019 में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ के चालीस जवानों की वीरांगनाओं (धर्मपत्नियों) को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सम्मानित किया व प्रत्येक परिवार को एक एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।



उत्तराखंड के दो बहादुर जवान मोहन लाल रतूड़ी और खटीमा के वीरेंद्र सिंह राणा इस हमले में शहीद हुए थे। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना प्रातः शहीद मोहन लाल रतूड़ी के कारगी चौक निवास पहुंचे और शहीद की पत्नी सरिता, सुपुत्र राम व बिटिया गंगा से मिले व उनकी कुशलक्षेम जानने के बाद धस्माना ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का संदेश परिवार को दिया। धस्माना ने शहीद मोहन लाल रतूड़ी के परिजनों से कहा कि उनके पति ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है और अब उनके परिजनों की देखभाल की जिम्मेदारी देश की है और इसीलिए कांग्रेस हमेशा उनकी सेवा के लिए तैयार है। धस्माना ने रतूड़ी को शाल पहना कर सम्मानित किया व उनको एआईसीसी द्वारा भेजा गया एक लाख रुपए का चौक भेंट किया।

प्रदेश के पूर्व सैनिक विभाग अध्यक्ष कर्नल राम रतन नेगी और प्रदेश पूर्व सैनिक विभाग उपाध्यक्ष सूबे गोपाल सिंह गड़िया, उत्तराखंड प्रदेश के जिला उद्यम सिंह नगर के ब्लॉक खटीमा में ग्राम पंचायत गुड़िया निवासी सी आर पी एफ के शहीद कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह राणा की पत्नी रेणु राणा को 1 लाख का चेक अर्पित करने हेतु खटीमा पहुंचे। कांग्रेस के इन पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद चक्रधर,सूबे कुंवर सिंह खनका,पी सी सी उमेश राठौर जिला महिला अध्यक्ष और भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेस पदाधिरियों के सम्मुख वीरांगना को चेक सम्मान स्वरुप प्रदान किया।

## मुख्यमंत्री धामी ने टपकेश्वर महादेव मंदिर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टपकेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया। अतिवृष्टि के कारण मंदिर के अंदर जलभराव के साथ ही मलबा आ गया था, मलबा हटाने का कार्य अब पूर्ण हो चुका है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर के पुजारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर प्रदेश एवं प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



## नन्हीं परी मामले में पुनर्विचार याचिका दायर करेगी सरकारः सीएम

### मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में फिर मजबूत पैरवी के लिए दिए निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** वर्ष 2014 में काठगोदाम में मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी सात वर्षीय बच्ची नन्ही परी के साथ हुई दरिंदगी के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।



इस मामले में आरोपित को सुप्रीम कोर्ट से दोषमुक्त किए जाने का संज्ञान लेते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों को सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस मामले में आरोपित को लोअर कोर्ट और हाईकोर्ट से सजा हो चुकी थी, लेकिन अब किन्हीं कारण से सुप्रीम कोर्ट से आरोपित बरी हो चुका है। इसलिए न्याय विभाग को इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुनर्विचार याचिका दाखिल करते हुए, मजबूत पैरवी के साथ सजा सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस केस को मजबूती से लड़ेगी, इसमें अच्छी से अच्छी लीगल टीम को लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में इस तरह के कुकृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। न्याय की इस लड़ाई में सरकार पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए सरकार लगातार प्रदेश में सत्यापन अभियान चला रही है। सरकार देवभूमि की अस्मिता पर कोई चोट नहीं पहुंचने देगी।

## जीएसटी सुधार, आम आदमी की आर्थिकी में बड़ी वृद्धि लेकर आएंगे : प्रत्यूष

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा- कांग्रेस ने देश को वेट के जाल में फंसाया था, अब जीएसटी से विकसित भारत हो रहा निर्माण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों की घोषणा को पीएम मोदी का देशवासियों के लिए ऐतिहासिक दिवाली गिफ्ट बताया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कांत ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए देश करवट ले रहा है, ऐसे में केंद्र का ये कदम आम आदमी की आर्थिकी में बड़ी वृद्धि करने वाला साबित होगा। 22 सितंबर से आम आदमी को दैनिक जरूरत के सामान पहले से कम कीमत मिलेंगे। वहीं विपक्ष को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले दर्जनों तरह के वेट के जाल में देश उलझा था, आज एक देश एक टैक्स से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है।



पार्टी मुख्यालय में जीएसटी सुधारों को लेकर राष्ट्रव्यापी जनजागरण के क्रम में गुरुवार को प्रत्यूष कांत ने पत्रकार वार्ता को संबंधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक एवं कल्याणकारी सुविधाओं के मोर्चे पर हाल में दी गई राहत का जिक्र करते हुए कहा, 12. 75 लाख तक की आय टैक्स फ्री की गई इन्फ्लेशन की दर 4 फीसदी से नीचे है, पीएम आवास योजना में 3.78 करोड़ शहरी क्षेत्र में और 1.17 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिए घर बनाए गए, 12 करोड़ से अधिक शौचालय, 9.5 करोड़ फ्री एलपीजी कनेक्शन, 17 करोड़ घरों में नल से जल, 41 करोड़ आयुष्मान कार्ड, 3.90 लाख करोड़ रुपए की किसान सम्मान निधि। उन्होंने कहा, मोदी सरकार का यह निर्णय नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म है, जिसका लाभ किसानों से उद्योगों तक, घरबार से व्यापार तक हर आमोखास व्यक्ति के जीवन में खुशियां लेकर आएगा। यह कदम ऐतिहासिक इस मायने में भी है कि विगत 11 वर्षों में एक राष्ट्र एक टैक्स की नीति से देश ने आर्थिक सुधारों और समृद्धि के कई आयामों को छुआ है। आज 2 लाख करोड़ से अधिक का जीएसटी राजस्व देश को प्राप्त हो रहा है। हमारी सरकार इसका वास्तविक लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है, इसीलिए टैक्स दरों को कई अहम क्षेत्रों में शून्य किया गया और अधिकांश में 10 से 20 फीसदी तक की कमी की गई है। इसके पीछे मकसद स्पष्ट है, देश के प्रत्येक व्यक्ति की जेब में अधिक से अधिक अतिरिक्त पैसा आए ताकि वह अपने जीवन को अधिक बेहतर करने में सफल हो। आम आदमी की आर्थिकी में सुधार होने से उसकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे देश में डिमांड बढ़ेगी, डिमांड बढ़ने से उद्योग लगेंगे और उद्योगों से रोजगार नई संभावनाएं पैदा होंगी। बेहद सरल शब्दों में कहें तो देश राजस्व आम आदमी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में लगेगा।पत्रकार वार्ता में मुख्य प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर चौहान, सह संयोजक राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला भी मौजूद रहे।

## एसओजी रुड़की व गंगनहर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, कचहरी परिसर में कत्ल की साजिश नाकाम

# मुकदमा पैरोकार की हत्या करने आए चार बदमाश दबोचे

## तमंचे, कारतूस व पिस्टल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसओजी रूडकी व गंगनहर पुलिस की सतर्कता से बुधवार को एक महिला की हत्या की साजिश नाकाम हो गई। पुलिस ने हत्या के इरादे से रामनगर कचहरी के बाहर से चार बदमाशों को देसी पिस्तौल और देशी तमंचे और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है।



गंगनहर कोतवाली को शेफाली निवासी कॉलोनी जगजीतपुर कनखल ने तहरीर देकर बताया था कि 17 सितंबर को वह एक मुकदमे की पैरवी के लिए रामनगर कचहरी पहुंची थी। दोपहर के वक्त उन्हें जानकारी मिली की पांच बदमाश उनकी हत्या करने के इरादे से बाहर खड़े हैं। जिसके बाद यह सूचना पुलिस तक पहुंची थी। पुलिस ने हत्या के इरादे से रामनगर कचहरी के बाहर पहुंचकर बदमाशों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। वरिष्ठ उप निरीक्षक दीप कुमार के साथ सीआईयू (रुड़की) की टीम, उप निरीक्षक मनव्वर हुसैन, प्रवीण बिष्ट, मनीष कवि, कांस्टेबल रणवीर, मनमोहन, अरविंद कुमार और नितिन के साथ बीती रात रामनगर कोर्ट के बाहर घेराबंदी की थी। पुलिस ने मणिकांत शर्मा निवासी फिटकरी मवाना थाना इंचोली जिला मेरठ, हर्षदीप मलिक निवासी रहावती बहसूमा जिला मेरठ, राजकुमार निवासी गांव पोस्ट राहवती थाना बहसूमा जिला मेरठ, अनुज निवासी गांव झिझाडपुर थाना फलावदा मेरठ को गिरफ्तार किया। जबकि पवन कुमार निवासी बुवाराकला जिला मुजफ्फरनगर की तलाश जारी है। बदमाशों ने बताया कि वह मुकदमे की पैरवी कर रही महिला शेफाली की हत्या करने के इरादे से आए थे। पुलिस ने बदमाशों से एक देशी पिस्तौल, एक देसी तमंचा और 11 कारतूस बरामद किए हैं। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी वारदात होने से रुकी है। चार बदमाश हथियारों के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। पांचवें फरार बदमाश की तलाश जारी है।

**❖बुधवार को रामनगर कचहरी में मुकदमे की पैरवी के लिए आई थी महिला**
**❖हत्या के मुकदमे से परेशान होकर बदमाशों ने रची थी महिला की हत्या करने की साजिश**

## वादी की हत्या कर लेना था बदला

**मनव्वर हुसैन**

**रुड़की।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बदमाशों ने हत्या के मुकदमे की वादी को रास्ते से हटाने के लिए लंबा इंतजार किया था। हत्या का दिन मुकदमे की पैरवी की तारीख रखा था। इसे अब किस्मत कहे या पुलिस की सतर्कता, जो शहर में एक बड़ी वारदात होने से बाल-बाल बची है।

**❖5 फरवरी 2023 की रात हुई थी कनखल क्षेत्र में हुई थी हत्या**

शेफाली निवासी शांतिपूरम कॉलोनी कनखल ने बताया था कि 5 फरवरी 2023 की रात पति के बड़े भाई अमरदीप चौधरी और सोनू राठी रात के वक्त राजकुमार मलिक के घर गए थे। जहां पर राजकुमार मलिक, मानू मलिक उर्फ गोली और हर्षदीप मलिक मिले थे। वहां राजकुमार मलिक ने अमरदीप से कहा कि आज तेरा हिसाब कर देते हैं। जिसके बाद राजकुमार के परिवार ने अमरदीप चौधरी को गोली मारी थी। सोनू राठी बीच बचाव कराने आया तो सोनू राठी पर भी फायर किया था। जिसके बाद सोनू राठी ने अमरदीप चौधरी के छोटे भाई बादल चौधरी को फोन कर बताया था कि अमरदीप को गोली लगी है। वारदात के वक्त बादल चौधरी मौके पर पहुंचा तो वहां तब भी फायरिंग हुई थी। जिसके बाद वारदात को अंजाम देकर सभी हत्यारोपी वहां से फरार हो गए थे। डॉक्टरों ने अमरदीप चौधरी को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने राजकुमार मलिक, मानू उर्फ गोली और हर्षदीप मलिक निवासी निकट ओलिविया स्कूल जगजीतपुर कनखल जिला हरिद्वार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। तभी से यह मुकदमा विचाराधीन है। मुकदमे की पैरवी से हत्या आरोपियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही थी। जिसके बाद वादी शेफाली को रास्ते से हटाने का षड्यंत्र रचा गया था। पर भगवान को कुछ और ही मंजूर था। वादी शेफाली की जान बची और हत्या के इरादे से रामनगर कचहरी के बाहर पहुंचे बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा और उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। बृहस्पतिवार को कोर्ट की पेशी के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## कलियर दरगाह के लंगर में घोटाल के दो सेवक निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक में लंगर की रसीदों में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद दरगाह प्रबंधन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दोनो सेवकों को निलंबित कर उनके वेतन पर रोक लगा दी है।

दरगाह के लेखाकार सद्दाम ने शिकायत में बताया था कि सेवक सलीम और इस्लाम को लंगर की रसीदें काटने और जमा राशि बैंक में जमा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन 10 सितंबर को कैशबुक मिलान के दौरान करीब 30,300 रुपये की रसीद काटे जाने के बावजूद बैंक में मात्र 18,800 रुपये जमा होना पाया गया। जांच में रसीदों पर ओवरराइटिंग भी उजागर हुई।लेखाकार की शिकायत पर दरगाह प्रबंधक रजिया ने मामले की जांच कर दोनों सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर निलंबित करते हुए वेतन पर रोक लगा दी। प्रबंधक ने साफ कहा कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।जायरीनों की नाराजगी दरगाह में आए जायरीनों ने इस घोटाले पर कड़ी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि लंगर दरगाह की शान और आस्था का प्रतीक है, ऐसे में इसमें गड़बड़ी करना जायरीन की भावनाओं से खिलवाड़ है। स्थानीय लोगों ने भी दरगाह प्रबंधन से मांग की है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी सेवक इस प्रकार की हरकत करने की हिम्मत न जुटा सके।

## युवक ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़याकी में एक युवक ने पंखे से लटक कर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मृतक के परिजन गांव के ही एक युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुंडयाकी निवासी 32 वर्षीय मांगेराम बीती शाम रोजाना की तरह खाना खाकर कमरे में सो गया था। गुरुवार की सुबह कमरे से बाहर नहीं आया जब परिवार वालों को संदेह हुआ तो परिवार वालों ने कमरे में जाकर देखा तो मांगेराम का शव पंखे से झूलता हुआ मिला। आसपास के ग्रामीण मौके जमा हो गए। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मांगेराम का गांव के ही एक युवक से एक हजार का लेनदेन था। जिसके कारण कुछ दिन पहले दोनों ने कहासुनी भी हुई थी। आरोप हैं कि युवक ने आत्महत्या के लिए उकसाया जिसके बाद मांगेराम ने आत्महत्या कर ली। पुलिस हर पहलू को लेकर मामले की जांच कर रही हैं।

## पुलिस ने भीकमपुर चौकी पर लगाई नशा जागरूकता चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के भीकमपुर में लोगों को बुलाकर ऑपरेशन लगाम के संबंध में चौपाल आयोजित की गई है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ड्रग फ्री व ऑपरेशन कॉलनेमी को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें क्षेत्राधिकार लक्सर के पर्यवेक्षण में थाना लक्सर क्षेत्र के भीकमपुर क्षेत्र अंतर्गत चौपाल लगाकर आसपास के लोगों को बुलाकर युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए नशे से भविष्य में होने वाले नुकसान के संबंध में जागरूक किया गया वर्तमान में अधिकांश युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझते हैं उनकी पार्टी नशे के बगैर अधूरी रहती है युवा नशे की हालत में पारिवारिक झगड़ा चोरी चकारी लूटपाट की घटना को अंजाम देते हैं चौपाल में मौजूद लोगों को समय रहते अपने बच्चों को नशे के दलदल से दूर करने के लिए जागरूक किया गया इसके अतिरिक्त वर्तमान में नए-नए तरीके से हो रही साइबर धोखाधड़ी के संबंध में भी जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए वर्तमान में चल रहे अभियान के संबंध में सभी को जागरूक किया गया।



## खाना खाकर घूमने निकले युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मन्ना खेड़ी निवासी एक युवक बुधवार की रात घर से खाना खाकर निकला था जिसका शव पेड़ से लटका मिला।परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं मामले की जांच में पुलिस जुटी है।



जानकारी के अनुसार मन्ना खेड़ी निवासी आकाश पुत्र मानूराम बीती देर शाम घर से खाना खा कर निकाला था पूरी रात युवक घर नहीं लौटा तो परिजन भी उसकी तलाश में जुटे थे। गुरुवार की सुबह कुछ ग्रामीण खेतों पर गए तो आकाश का शव एक पॉपुलर के पेड़ के सारे खड़ा हुआ दिखाई दिया ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी गांव में दी गई भारी संख्या में लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की और उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों के अनुसार शव पर कुछ चोट के निशान भी है। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है वही फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी रही। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या लग रही है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पाएगा।

## अवैध तमंचा, कारतूस व नकदी के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने ईदगाह पुलिया के पास से पीरपुरा निवासी अदनान को गिरफ्तार किया हैं। युवक के कब्जे से एक देसी तमंचा , दो जिंदा कारतूस व 24 सौ रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। मंगलौर पुलिस चौकी पर तैनात अपर उप निरीक्षक गजपाल राम हमरा के साथ बीती देर शाम गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि राजवाहे पटरी के निकट ईदगाह पुलिया के पास एक युवक खड़ा हुआ हैं जिसके पास अवैध असलाह हैं। पुलिस ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम अदनान निवासी पीरपूरा बताया हैं। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देसी तमंचा, दो जिंदा कारतूस और चौबीस सौ रुपए बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपी अदनान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

## एबीसी केबिल से भरा वाहन पकड़ा, एई ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** पुलिस द्वारा एबीसी कैबिल से लदे वाहन को पकड़े जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। उर्जा विभाग के अवर अभियंता ने कैबिल को चोरी होने के संबंध में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

तीन दिन पूर्व लंढौरा पुलिस को सूचना मिली कि एक छोटे हाथी में एबीसी कैबिल एलटी भर कर ले जाया जा रहा है। पुलिस ने रुड़की लक्सर मार्ग पर ईट भट्ठे के पास वाहन को पकड़ लिया। पुलिस वाहन और चालक को अपने साथ पुलिस चौकी ले आई। बताया जा रहा है कि कैबिल को बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। वीरवार को मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब लंढौरा बिजलीघर के अवर अभियंता मुकेश कुमार ने अज्ञात लोगों द्वारा एबीसी कैबिल चोरी के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना है कि कैबिल से भरे वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। कैबिल के संबंध में पुछताछ पर वाहन स्वामी द्वारा जीएसटी बिल दिखाया गया है। उन्होंने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

## पोक्सो में वांछित चल रहा आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** महिला अपराध में संलिपत काफी समय से फरार चल रहे एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा बुधवार रात्रि उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम पडली गेंदा निवासी जहांगीर को पुलिस द्वारा बुधवार रात्रि इसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया ।उक्त काफी समय से महिला अपराध पोक्सो मे वांछित चल रहा था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए उक्त आरोपी का चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

## प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव के पास गन्ने के खेत में पुलिस को सूचना मिलने पर छापा मारने के दौरान मौके से 190 किलो प्रतिबंधित मांस पशु की खाल हड्डी तथा गोकशी में प्रयोग होने वाले उपकरण सहित एक व्यक्ति को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देखकर गिरफ्तार किये व्यक्ति के 6 साथी फरार हो गए।

थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि बुधवार देर शाम पुलिस को ग्राम लाठरदेवा शेख के पास गन्ने के खेत में गोकसी होने की सूचना मिली थी सूचना मिलने पर उन्होंने स्क्वायड टीम के साथ मिलकर बताए गए स्थान पर छापा मारा गया। छापा मारने पर गन्ने के खेत से 190 किलो प्रतिबंधित माँस पशु की खाल हड्डियां तथा गोकशी करने के उपकरण लकड़ी का फटटा कुल्हाड़ी छूराआदि सामान बरामद करने के साथ एक व्यक्ति साजिद निवासी ग्राम लाठरदेवा शेख को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया ।पुलिस को देखकर गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के 6 साथी भागने में सफल रहे ।उक्त सभी के खिलाफ संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपि का चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। बरामद किए गए मांस हड्डी खाल आदि को खेत में गहरा गड्ढा खोदकर उसे दबा दिया गया है।

## गायन प्रतियोगिता की सुंदर प्रस्तुति पर छात्रा सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद अविरल गंगा की ओर से राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत पूल पार्टी स्थल, रामनगर रुड़की में सकुशल संपन्न हुआ। जहाँ प्रतियोगिता में तीन विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और देशभक्ति की भावनाओं को लेकर हिंदी और संस्कृत भाषा में समूह गान प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में दिलीप प्रधान और प्रदीप शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर, द्वितीय स्थान शिवालिक पब्लिक स्कूल और तृतीय स्थान पर मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के छात्रों ने जीता। छात्र छात्राओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनिल जैन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करती हैं। प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रीति अग्रवाल, प्रदीप वधावन, नीरज मित्तल, सुगंध जैन, दिनेश सैनी, भारत, अनुपमा, राधे श्याम, राम गुप्ता, डॉ. संजय, नीलम माधोक, ममता, दीपाली, विमलेश, नंद किशोर, मधु, रश्मि, नीलम शर्मा और बबिता आदि मौजूद रहे।

## शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्षण ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना संदिग्ध व्यक्तियों में ऐसा मालिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 17 सितंबर 2025 को लक्सर क्षेत्र से जमीनी विवाद के कारण शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम आनंद पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम टांडा महत्वैली थाना लक्सर वं अजय पुत्र अशोक निवासी ग्राम टांडा महातवाली बताए। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल हिमांशु चौधरी अनुप पोखरियाल शामिल रहे।

### लक्सर ब्लाक में बीडीसी मीटिंग के दौरान

## मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ब्लॉक सभागर में आज एक बीडीसी मीटिंग का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों की जन समस्याएं सुनी है मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोडे ने कहा कि जो भी लोगों की जन समस्याएं हैं उनको जल्दी से जल्दी निपटा दे उन्होंने सख्त लहजे में यह भी कहा कि अगर किसी भी संबंधित अधिकारी के द्वारा अपने कार्य में लापरवाही की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी वहीं ब्लॉक प्रमुख डॉ हर्ष कुमार दौलत ने कहा कि आज बीडीसी की जो मीटिंग हुई है उसमें सभी ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों ने अपनी समस्याएं रखी हैं उन समस्याओं पर संबंधित अधिकारी को कार्रवाई करने को कहा गया है ग्राम प्रधान सहदेव चौधरी ने कहा कि अधिकारी बहुत ही लापरवाह हो गए हैं अपने काम की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है हमने कई बार कहा लेकिन अभी तक हमारे द्वारा बताया गया काम पर कोई ध्यान नहीं दिया आज मुख्य विकास अधिकारी के सामने हमने समस्या रखी उम्मीद लगी है कि अब वह काम हो जाएगा दरगाह पुर की प्रधान बबीता ने कहा की जो गांव में आंगनवाड़ी या अधिकारी है वह काम करने को तैयार नहीं है उन्होंने कहा उच्च अधिकारियों को उनको सख्त आदेश देकर जो काम ना करें उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।



### विधायक व चेयरमैन ने किया रामलीला का शुभारंभ

## राम के आदर्शों को अपनाएं : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद में भव्य रामलीला का लक्सर विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और रामलीला कमेटी के प्रधान ने मिलकर शुभारंभ किया। हिंदू रीति-रिवाजों के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद थे।

लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि भगवान राम के बारे में किसी भी मुसलमान ने कोई बुराई नहीं की है। उन्होंने कहा कि पूरे हिंदुस्तान के लोग राम को मानते हैं, और वे खुद भी उनका सम्मान करते हैं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि भगवान राम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लोगों से रामलीला देखकर उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने रामलीला कमेटी की मेहनत की भी तारीफ की।रामलीला कमेटी के अध्यक्ष और वर्तमान रामलीला कमेटी के प्रधान चौधरी विशाल ने कहा कि वे रामलीला के आयोजन में कोई कमी नहीं रहने देंगे। उन्होंने भी लोगों से भगवान राम के आदर्शों पर चलने की अपील की। उन्होंने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह के बारे में भी अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने किया। वहा पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमे मोहम्मद शहजाद विधायक लक्सर सनजीव ऊर्फ नीटू चेयरमैन नगर पालिका परिषद लक्सर विशाल चेयरमैन प्रधान रामलीला कमेटी अमरीश गर्ग पूर्व चेयरमैन लक्सर राजेंद्र चौधरी पूर्व जिला चेयरमैन और राहुल अग्रवाल रतेंद्र कुमार तिवारी पवन कुमार राजेंद्र नाथ मेहंदी रत्ता चौधरी भगत सिंह हिमांशु गोयल आनंद उपाध्याय एडवोकेट सहदीप चौहधरी एडवोकेट राम सिंह वाल्मीकी पूर्व चेयरमैन हेलो चौधरी सतेंद्र सिंह चौधरी भगत सिंह चौधरी सत्यजीत आदि सैकड़ों मुख्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# 21 को फिर भिड़ेंगे भारत-पाक




● एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल, पाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में बनाई जगह

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितम्बर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है। प

ाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है। टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने सुपर-4 स्टेज का शेडयूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को ।1 और ।2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को बी1 और बी2 नाम दिया गया। शेडयूल के मुता. बिक, ।1 और ।2 के बीच 21 सितम्बर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7 विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद सलमान आगा ने मैच के बाद इंटरव्यू देने से मना कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाथ नहीं मिलाने के मामले को खेल भावना के खिलाफ बताया। बोर्ड ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने की मांग भी की, लेकिन आईसीसी ने इसे ठुकरा दिया। पूरे विवाद के बाद अब पाकिस्तान टीम फिर एक बार इसी टूर्नामेंट में भारत का सामना करेगी। भारत और पाकिस्तान के सुपर-4 में पहुंचने के साथ ग्रुप-ए की बाकी 2 टीमें ओमान और यूएई टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। यूएई 3 में से 1 मैच ही जीत पाई। वहीं ओमान को 2 मुकाबलों में हार मिली, अब टीम का आखिरी मैच 19 सितम्बर को भारत के खिलाफ होगा। ग्रुप-बी का आखिरी मैच आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा।

इस ग्रुप से श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश अभी होड़ में है। अगर श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हरा दिया, श्रीलंका और बांग्लादेश क्वालिफाई कर जाएंगे। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान तीनों के 4-4 पाइंट्स हो जाएंगे। अफगानिस्तान सबसे बेहतर नेट रन रेट के साथ क्वालिफाई कर जाएगा। श्रीलंका और बांग्लादेश में बेहतर रन रेट वाली टीम अगले राउंड में एंट्री कर लेगी। बांग्लादेश को क्वालिफाई करना है तो श्रीलंका को 70 रन या उससे ज्यादा के अंतर से हारना होगा। अगर श्रीलंका की पहले बैटिंग आ गई तो टीम के 50 बाल या उससे ज्यादा के अंतर से हारने पर ही बांग्लादेश क्वालिफाई कर पाएगी।



● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

## 40 सेमी. से मेडल से चूके सचिन

● 86.27 मी. के साथ चौथे नंबर पर, नीरज चोपड़ा आठवें स्थान से बाहर, केशार्न वाल्काट ने बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड जीता

**टोक्यो, वार्ता।** टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल नहीं जीत सके। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए। ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ी ने 86.67 मीटर का थ्रो किया। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थाम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे। नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए। दीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए। इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पां. चवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं। तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए। पांचवें थ्रो के बाद सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाला थ्रोअर बाहर हुआ। चौथे राउंड के बाद पाक के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो गए है।

खेल विशेष

### भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे, पूरे देश में जश्न की तैयारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में सात नवंबर को विशेष समारोहों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए उलटी गिनती शुरु हो गई है। 1925 में पहली राष्ट्रीय खेल संस्था का गठन हुआ था। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित समारोह के तहत देश के हर जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच खेला जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी समारोह में 36 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है, और इस पहल का उद्देश्य देश के हर कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाना है। हॉकी के योगदान के महत्व पर हॉकी सबसे बुजुर्ग जीवित दिग्गज गुरबक्स सिंह ने 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, ष्भारत में आयोजित पहला हॉकी टूर्नामेंट 1895 में बेयटन कप था। राष्ट्रीय हॉकी संड्डा का गठन 1925 में हुआ और भारत ने इसके गठन के केवल तीन साल बाद 1928 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद भारत ने 1932 और 1936 में स्वर्ण पदक जीते और अगर द्वितीय विश्व युद्ध न होता, तो 1940 और 1944 में भी ये खेल आयोजित होते, तो हम दो और स्वर्ण पदक जीत सकते थे। वह ध्यानचंद का युग था और हमने पूरी दुनिया पर अपना दबदबा कायम कर लिया था। गुरबक्स ने बताया कि ब्रिटेन ने 'भारत से हारने' के डर से 1948 तक हॉकी टीम नहीं उतारी थी। हॉकी ने न केवल भारत के खेल इतिहास में, बल्कि राष्ट्रवाद में भी योगदान दिया है। टीम का प्रदर्शन एक राष्ट्र के रूप में एकता की भावना लाने के लिए महत्वपूर्ण था। अंग्रेजों ने 1948 में ही हॉकी टीम उतारी थी क्योंकि उन्हें भारत से हारने का डर था, जब वे हम पर शासन करते थे। और आजादी मिलने के बाद उन्हें उन्हीं के ड्डार में हराना भारतीय इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक था।

## एशिया कप के ड्रामे के बीच, एसीसी ने अधूरी वार्षिक आम बैठक फिर से बुलाई

एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए

**दुबई, वार्ता।** पिछले कुछ दिनों में दुबई और लाहौर में मैदान के अंदर और बाहर खेला गया एशिया कप का नाटकीय ड्डाटनाक्रम अब इस महीने के अंत में एसीसी की बैठक के दौरान बोर्डरूम में स्थानांतरित हो सकता है।

एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम), जिसे कुछ महीने पहले ढाका में अचानक स्थगित कर दिया गया था, अब 30 सितम्बर को दुबई में पुनर्निर्धारित की गई है। एशिया कप फाइनल के दो दिन बाद होने वाली इस बैठक में, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मो. हसिन नकवी करेंगे, जोरदार हंगामा होने की उम्मीद है - मौजूदा चैंपियनशिप से जुड़े मुद्दों और ढाका में 24 जुलाई को होने वाली बैठक में अधूरे रह गए कार्यों को लेकर। एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए हैं। हाथ मिलाने का विवाद, मैच रेफरी विवाद और पाकिस्तान के हटने की धमकी-जिन पर विचार-विमर्श किया जाना है। एक और विवाद भी छिड़ सकता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि एशिया कप कौन जीतता है, ट्रॉफी कौन प्रदान करता है, और समारोह का आयोजन कैसे होता है। बीसीसीआई से कौन भाग लेगा, यह भी एक कारक हो सकता है। महिला वनडे विश्व कप उसी दिन गुवाहाटी में शुरू हो रहा है, और बीसीसीआई सदस्यों के उद्ड्डाटन समारोह में व्यस्त रहने की उम्मीद है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि एसीसी बैठक में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसे नामित किया जाता है। यह निर्णय दो दिन पहले, 28 सितम्बर को मुंबई में बीसीसीआई की अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया जाएगा। वर्तमान में, राजीव शुक्ला और आशीष शेलार एसीसी में बीसीसीआई के नामित प्रतिनिधि हैं। दोनों ने ढाका बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया था। 30 सितम्बर के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण विषय एसीसी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। बीसीसीआई द्वारा इस प्रक्रिया का विरोध करने के बाद ढाका में यह मामला अनसुलझा रह गया था।

## वेस्टइंडीज ने नेपाल दौरे के लिए टीम की घोषणा की

इस सीरीज के दौरान कैरिबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया

**एंटीगा, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने इस महीने शारजाह में नेपाल के साथ होने वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की ड्डोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला के दौरान कैरेबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। इनमे कप्तान शाई होप, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ व बल्लेबाज जॉनसन शामिल है। इस श्रृंखला में स्पिनर अकील कप्तान के रूप में टीम की अगुवाई करेंगे, जबकि नियमित खिलाड़ी फैबियन एलन, होल्डर और मेयर्स 27 सितम्बर से शुरू होने वाले तीन मैचों के दौरान टीम का समर्थन करेंगे। इस श्रृंखला के दौरान पांच खिलाड़ी बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, स्पिनर जिशान मोटारा, तेज गेंदबाज रेमन सिमंड्स और विकेटकीपर आमिर जंगू अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की कतार में हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट के निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने टीम के चयन को लेकर कहा कि यह श्रृंखला टीम को अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले प्रभावित करने के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के खिलाफ यह श्रृंखला विंडीज क्रिकेट के क्षितिज को व्यापक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## सिंधु, सात्विक व चिराग क्वार्टरफाइनल में




**शेनझेन, वार्ता।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की भारतीय जोड्डी ने ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारतीय जोड़ी ने गुरूवार को केवल 33 मिनट में सीधे गेमों में चीनी ताइपे के चियु सियांग चीह और को 21-13, 21-12 से परा. जित किया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा। पीवी सिंधु ने राउंड ऑफ 16 में वर्ल्ड नंबर 6 थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्टार ने शेनझेन एरिना, शेनझेन में 41 मिनट में 21-15, 21-15 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की।

## अल जवरा से 2-0 से हारी गोवा एफसी

● पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला



**नई दिल्ली, वार्ता।** एफसी गोवा ने गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः इराक की अल जवरा एससी से 0-2 से हार गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंड्डा (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा, एफसी गोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंततः बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में इराक की अल जवरा एससी के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में रेजिक बनिहानी और निज़ार अलराशदान के गोलों की बदौलत अल जवरा ने गोल कर अंक हासिल किए। मैच पर प्रकाश डालते हुए, एआईएफएफ ने कहा कि शुरुआत में एकाग्रता में चूक एफसी गोवा को भारी पड़ गई क्योंकि महदी हुमैदान ने एक बैक पास को रोक लिया और बॉक्स में पहुंचकर मोहम्मद कासिम को क्रॉस दिया, जिसका ज़ोरदार प्रयास बार से टकरा गया।

मेजबान टीम ने आठवें मिनट में पहला मौका बनाया, देजान ड्राज़्कि को बाईं ओर से एक सटीक क्रॉस देने का मौका मिला, जिस पर जेवियर सिवेरियो ने अपना हेडर लगाया, लेकिन गेंद ऊपर से निकल गई। इसके बाद, पहले हाफ के अंतिम मिनटों तक मैच में गति. रोध बना रहा जब हसन अब्दुलकरीम के फ्री-किक पर निज़ार अलराशदान के शानदार हेडर पर एफसी गोवा के गोलकीपर ऋतिक तिवारी ने अपनी दाईं ओर एक शानदार बचाव किया। एआईएफएफ के अनुसार कि 44वें मिनट में अल जवरा को कोई मौका नहीं मिला। अब्दुलकरीम ने बॉक्स में कदीम राद को पास दिया और राद ने गेंद को बनिहानी की ओर बढ़ाया, जिनके प्रयास ने निम दोर्जी तमांग से डबल डिफ्लेक्शन लिया और जॉर्डन के स्ट्राइकर से टकराकर नेट में समा गया। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनट में ही इराकी टीम अपनी बढ़त दोगुनी करने से कुछ ही इंच दूर थी कि बनिहानी ने बाएं फ्लैंक से बॉक्स में ड्राइव किया।

### स्पेन 2014 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची

**नई दिल्ली, वार्ता।** जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।

सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था।

## मिलानो कॉर्टिना 2026 के लिए 85 प्रतिशत स्टेडियम तैयार: आईओसी

● शीतकालीन ओलंपिक 6 से 22 फरवरी 2026 तक होंगे इसके बाद 6 से 15 मार्च तक पैरालंपिक का आयोजन होगा

**जिनेवा, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति समन्वय आयोग ने कहा कि मिलानो कॉर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए 85 प्रतिशत आयोजन स्थल तैयार हैं।

मिलान, कॉर्टिना, वाल्टेलिना, फिएमे घाटियों और वेरोना में शीतकालीन ओलंपिक छह से 22 फरवरी 2026 तक होंगे, इसके बाद छह से 15 मार्च तक पैरालिंपिक का आयोजन होगा। समन्वय आयोग की अध्यक्ष क्लोस्टर ने बुधवार को आयोग के छठे और अंतिम दौरे के बाद मिलान में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लगभग 85 प्रतिशत आयोजन स्थल पहले से ही मौजूद हैं। अगर हम आंकड़ों पर सटीक नजर डालें, तो ये खेल भी प्रभाव डाल रहे हैं। उत्साह बढ़ रहा है और अब तक के काम पर हमें गर्व है। कॉर्टिना में स्लाइडिंग सेंटर उम्मीदों से बढ़कर है। मिलान ओलंपिक विलेज पूरी तरह से तैयार है और आठ लाख से अधिक टिकटों की बिक्री राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर उत्सुकता को दर्शाती है। क्लोस्टर ने कहा कि अगले महीने का ध्यान जागरूकता बढ़ाने, प्रशंसकों को जोड़ने और खेलों से पहले होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों और उपलब्धियों को बढ़ावा देने पर होगा। हम अब परिचालन तैयारी के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें खेलों के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण कार्यक्रम और सिमुलेशन कार्यक्रम निर्धारित हैं।

## भारत आखिरी ग्रुप मैच में ओमान से भिड़ेगा

● गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है, जिसमें यूएई और पाकिस्तान को धूल चटाई

**अबु धाबी, वार्ता।** भारत शुक्रवार को शेख जायद स्टेडियम में एशिया कप टी-20 के ग्रुप-ए के आखिरी मुकाबले में ओमान से भिड़ेगा, जो शाम के अंधेरे में मंडराता हुआ बाड्डा है। सुपर 4 का टिकट पहले ही उनकी जेब में है। गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है - पहले यूएई को रनों से भिगोया, फिर सात विकेट शेष रहते पाकिस्तान को धूल चटाई। अब वे तीन में से तीन जीत के कगार पर हैं और आगे की कड़ी टक्कर से पहले अपने पंजे तेज करने को बेताब हैं। शीर्ष क्रम में, युवा अभिषेक शर्मा एक धधकते धूमकेतु की तरह बल्लेबाजी कर रहे हैं, जिससे पावरप्ले में भारत को रॉकेट जैसा ईंधन मिल रहा है। शुभमन गिल की विलो ने जहाज को स्थिर पतवार की तरह चलाया है, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने बीच के ओवरों में त्योहार की रोशनी जैसे चमकदार स्ट्रोक लगाए हैं। उनके पीछे संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल हैं - बेंच इतनी गहरी है कि अरब सागर को छू सकती है। गेंदबाजी में, कुलदीप यादव ने छल के जाल बिछाए हैं, वरुण चक्रवर्ती ने किसी जादूगर की तरह गेंदबाजी की है, और जसप्रीत बुमराह भारत के शस्त्रागार में वज्रपात की तरह हैं। दो भारी हार के बाद पहले ही बाहर हो चुका ओमान, उम्मीदों से भरे दिल के साथ एक कमजोर टीम के रूप में उतरेगा। कप्तान जतिंदर सिंह, अगर अपनी लय फिर से हासिल कर लेते हैं, तो जोश भर सकते हैं, जबकि आमिर कलीम और शाह फैसल को अपनी टीम को बचाए रखने के लिए अपनी क्षमता से ज्यादा प्रदर्शन करना होगा। शेख जायद की पिच बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होने का वादा करती है - शुरुआत में स्ट्रोक बनाने वालों के लिए अच्छी, और जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा, स्पिनरों के लिए टर्न का इंतजार रहेगा। मौसम गर्म और उमस भरा होगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं होने के कारण, अबु धाबी की रोशनी में क्रिकेट का बोलबा. ला रहेगा। अगर भारत पहले बल्लेबाजी करता है, तो उसका लक्ष्य 190-200 के बीच का विशाल स्कोर खड़ा करना होगा। ओमान अगर 150 रन का लक्ष्य रखता है, तो वह उसे एक बड़ा खजाना मानेगा। टॉस के लिहाज से, भारत की लक्ष्य का पीछा करने की प्रवृत्ति उन्हें पहले गें. दबाजी करने के लिए प्रेरित कर सकती है, जबकि ओमान बल्लेबाजी करके रन बनाना पसंद कर सकता है।

**एकादश:** भारत - अभिषेक, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

ओमान - आमिर कलीम, जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्ज़ा, विनायक शुक्ला (विकेट कीपर), वसीम अली, हसनैन शाह, शाह फैसल, जितेन रामानंदी, आर्यन बिष्ट, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

अपनी फॉर्म, आक्रामकता और चतुराई के साथ, भारत इस मुकाबले को एक रोमांचक मुक. ाबले में बदलने के लिए तैयार है। ओमान के लिए चुनौती बड़ी है, लेकिन जैसा कि सिद्धू खुद कह सकते हैं कि क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है।

## सुरजीत हॉकी आकादमी में खेल जगत के दिग्गजों ने खिलाड़ियों को हॉकी के गुर सिखाए

● सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद जरूरी है: लखविंदर सिंह

**जालंधर, वार्ता।** राउंड ग्लास हॉकी अकादमी के तकनीकी प्रमुख ओलंपियन रा. जंदर सिंह (वरिष्ठ), सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर की कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा और पंजाब हॉकी के महासचिव श्री अमरीक सिंह पवार ने गुरुवार संयुक्त रूप से सुरजीत हॉकी अकादमी का दौरा किया और वहां प्रशिक्षण ले रहे युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्हें खेल की बारीकियां समझाईं, अपने अनुभव साझा किये और हॉकी के खेल से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस अवसर पर ओलंपियन राजिंदर सिंह (वरिष्ठ) ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे पासिंग, ड्रिब्लिंग, डिफेंस और गोल-शूटिंग के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद ज़रूरी है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अकादमी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को हॉकी की कला सिखाना और देश के लिए अच्छे खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे जोश के साथ कड़ी मेहनत करके देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी पंजाब के महासचिव अमरीक सिंह पवार ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए हॉकी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क के महत्व पर ज़ोर दिया। इस दौरान अकादमी के कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन समिति भी मौजूद थी।

# चुनाव आयोग पर निशाना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर चुनाव आयोग पर यह कहकर निशाना साधा है कि देश में वोट चोरी की जा रही है और सोची हुई रणनीति के तहत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

एक तरह से वह कह रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद नहीं कर रहे हैं। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने इस संबंध में कई उदाहरण भी दिए। इसमें कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए, जिसके उनके पास सबूत हैं। उनका कहना था कि यह काम किसी एक स्थान पर नहीं बल्कि कई जगहों पर किया गया। उनका कहना था कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी इसी तरीके से हुआ, वहां 6850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उनके अनुसार उप्र, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरीके से वोट चोरी का काम किया गया। राहुल गांधी ने सीधे कहा कि वह जानना चाहते हैं कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास सबूत हैं कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सॉफ्टवेयर व कॉल सेंटर का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने इस बात का भी दावा किया कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है यह भी पता चल जाएगा। राहुल गांधी ने दृढ़ता के साथ कहा कि वह जो भी बोल रहे हैं सबूतों के साथ बोल रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्नाटक सीआईडी ने मामला दर्ज कराया और आयोग को 18 पत्र लिखकर यह बताने को कहा कि उसे गंतव्य यानि डेस्टिनेशन आईपी, डिवाइस, गंतव्य पोर्ट, फोन नंबर व उनके मालिकों के नाम बताए जाएं, वह कहते हैं कि फरवरी 2023 में प्राथमिकी दर्ज होती है और मार्च में कर्नाटक सीआईडी चुनाव आयोग से ब्यौरा मांगती है। अगस्त 2023 में उसको आधी जानकारी दी जाती है जिससे जांच पूरी न हो सके। उन्होंने तो यह दावा भी किया कि मार्च 2025 में कर्नाटक के चुनाव अधिकारी ने भी चुनाव आयोग से विवरण मांगा और आखिरी पत्र सितंबर में भेजा गया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से किसी भी सदस्य द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जाता। यह देखना बेहद दिलचस्प है कि एक तरफ चुनाव आयोग पूरे देश में एसआईआर को लेकर गंभीर दिखाई दे रहा है, इसको लेकर वह सुप्रीम कोर्ट से भी टकराने के लिए तैयार दिखाई देता है, तो वहीं दूसरी तरफ वोटर लिस्टर को लेकर जो गंभीर आरोप लग रहे हैं, उसमें किसी तरह की गंभीरता दिखाता नजर नहीं आ रहा। निसंदेह इस समय चुनाव आयोग की साख पूरी तरह दांव पर लगी दिखाई दे रही है।

## कांग्रेस के वोटों को निशाना बनाया जा रहा



चुनाव आयोग जानबूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है, महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है, कर्नाटक के आलंद में 6018 वोटर्स को डिलीट करने की कोशिश हुई, 2023 के चुनाव में किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की, इसकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है, हमें नहीं पता कि कुल कितने वोट डिलीट किए गए, इन्हें डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया, आलंद में जिन वोटर्स के नाम डिलीट किए गए, उनको हटाने के लिए दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया, गोदावाई के 12 पड़ोसी के नाम भी हैं, जिन्हें इन मोबाइल नंबर्स से डिलीट किया गया।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे



रजनीश कपूर



दिल्ली, भारत की राजधानी, जो तेजी से विकसित हो रही है, वहां सड़कें न केवल प्रगति का प्रतीक हैं, बल्कि मौत का भी सैलाब बन चुकी हैं। 14 सितंबर 2025 को दिल्ली में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने दोषपूर्ण हत्या के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आए दिन हमें देश के अलग अलग शहरों से ऐसी घटनाओं की खबर मिलती है जो भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख देती हैं। हर साल लाखों दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें से अधिकांश रोकथाम योग्य हैं। लेकिन क्यों? इसका मुख्य कारण है आपातकालीन सेवाओं की घोर कमी, जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती।

सबसे पहले, हालिया दुर्घटना को समझें। नवजोत सिंह जैसे सम्मानित अधिकारी की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। पुलिस जांच से पता चला कि कार की रफ्तार निर्धारित गति सीमा से काफी अधिक थी। लेकिन हादसे के बाद जो सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई, वह थी प्राथमिक चिकित्सा सहायता की अनुपस्थिति। दुर्भाग्यवश, दिल्ली जैसे महानगर में भी एम्बुलेंस पहुंचने में 20-30 मिनट लग जाते हैं। यदि 'गोल्डन ऑवर'कृयानी हादसे के पहले घंटे में उचित उपचार मिल जाता, तो शायद नवजोत की जान बच सकती थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत मौतें प्री-हॉस्पिटल चरण में ही हो जाती हैं, क्योंकि भारत में आपातकालीन सेवाएं अपर्याप्त हैं।

भारत में आपातकालीन सेवाओं की स्थिति बेहद दयनीय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 1,55,622 सड़क मौतें हुईं, जिनमें से 69,240 दोपहिया वाहनों से जुड़ी थीं। वहीं, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, 2022 में 4,64,910 दुर्घटनाओं में 1,47,913 मौतें हुईं। समस्या यह है कि भारत में एम्बुलेंस सेवाएं, जैसे 108 या 102, अक्सर ओवरलोडेड होती हैं। ग्रामीण और राजमार्गीय इलाकों में तो स्थिति और खराब है। यहां एम्बुलेंस पहुंचने में औसतन 45 मिनट से एक घंटा लग जाता है। एक अध्ययन के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना स्थल से ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचने में देरी से 40 प्रतिशत मौतें बढ़ जाती हैं। दिल्ली में, जहां वाहनों की संख्या 1 करोड़ से अधिक है, ट्रैफिक जाम एम्बुलेंस को रोक देता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्री-हॉस्पिटल इमरजेंसी केयर मजबूत होती, तो 30-50 प्रतिशत जानें बच सकतीं। लेकिन सरकार की '5ई' रणनीतिकृइंजीनियरिंग, एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, में इमरजेंसी केयर पर निवेश न्यूनतम है। नतीजा? हर दिन 405 मौतें और 1,290 घायल। यह राष्ट्रीय संकट है, जो विकास की राह में बड़ा रोड़ा है।

अब जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना की बात करें। इसका एक बड़ा कारण है 'चलता है' वाली मानसिकता। इंटरनेट पर कई प्लेटफॉर्म्स पर चर्चाओं से साफ है कि लोग नियमों को 'सजावटी' मानते हैं। ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट के ड्राइविंग, गलत लेन तोड़ना, ए आम हैं। क्यों? पहला, जागरूकता की कमी, स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की शिक्षापर्याप्त मात्रा में नहीं दी जाती, नतीजा बच्चे बड़े होकर भी नियमों को महत्व नहीं देते। दूसरा, जनसंख्या घनत्व 1।3 अरब आबादी वाले देश में सड़कें ओवरलोड हैं, लोग सोचते हैं, 'एक-दो नियम तोड़ लूंगा, क्या फर्क पड़ेगा?' तीसरा, सामाजिक दबाव, यदि कोई रेड लाइट पर रुकता है, तो पीछे से हॉर्न बजते हैं, गालियां पड़ती हैं। लोग जल्दबाजी में रहते हैं, ट्रैफिक में समय की कमी से तनाव बढ़ता है और नियम तोड़ना 'स्मार्ट' लगता है। चौथा, सांस्कृतिक पक्ष, भारत में 'जुगाड़' संस्कृति प्रचलित है। नियम तोड़ना 'चालाकी' माना जाता है। एक सर्वे के अनुसार, अधिकांश ड्राइवरों को नियमों की पूरी जानकारी ही नहीं। परिणामस्वरूप, 2023 में 35,000 पैदल यात्री और 10,000 बच्चे दुर्घटनाओं का शिकार बने। यदि जनता जागरूक होती, तो ए आंकड़े कम होते। इस अवहेलना का एक प्रमुख कारण है कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती। ट्रैफिक पुलिस की कमी भयानक है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अनुसार, 85,144 ट्रैफिक पुलिस पदों में 30 प्रतिशत और 58,509 कांस्टेबल पदों में 39 प्रतिशत रिक्त हैं। बिना सख्ती के, लोग नियम तोड़ते हैं। क्यों आलसी हैं एजेंसियां? पहला, संसाधनों की कमी। कैमरे, स्पीड गन्स, बॉडी कैमरे, आदि जैसे उपकरण अपर्याप्त हैं। मोटर व्हीकल एक्ट 2019 में सख्त जुर्माने जोड़े गए, लेकिन लागू नहीं होते। दूसरा, भ्रष्टाचार, छोटे-मोटे उल्लंघनों पर 50-100 रुपये में सेटलमेंट हो जाता है, जिससे डर समाप्त हो जाता है। तीसरा, प्राथमिकताएं, पुलिस अन्य अपराधों पर फोकस करती है, ट्रैफिक को सेकेंडरी मानती है। चौथा, प्रशिक्षण की कमी, अधिकारी सड़क डिजाइन या व्यवहार समझ नहीं पाते। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब सड़क डिजाइन और साइनेज भी दुर्घटनाएं बढ़ाते हैं, लेकिन प्रवर्तन कमजोर है। विदेशों की तरह यदि भारत में भी सख्ती हो, तो सुधार संभव है।


ये समस्याएं परस्पर जुड़ी हैं। अवहेलना से दुर्घटनाएं बढ़ती हैं, सेवाओं की कमी से मौतें। समाधान? पहला, आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करेंहर 10 किमी पर ट्रॉमा सेंटर हों। एकीकृत हेल्पलाइन '112' को मजबूत बनाया जाए। दूसरा, शिक्षा, स्कूलों में ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। तीसरा, प्रवर्तन, पुलिस भर्ती बढ़ाएं, ई-मॉनिटरिंग लागू करें, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। चौथा, बुनियादी ढांचा, सड़कें सुधारें, साइनेज बढ़ाएं। सरकार की 'रोड सेफ्टी' योजना को गति दें। नवजोत सिंह जैसीमौतें हमें झकझोरती है, यदि हम नहीं चेते, तो और कितने परिवार बिखरेंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनाली के पास छुपे हैं तीन शानदार हिल स्टेशन

**अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।**

जब भी लोग पहाड़ी जगहों पर घूमने जाने का प्लान करते हैं, तो वह आसपास की सभी जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान करते हैं। कई बार लोग ऐसी लोकेशन के बारे में सर्च करते हैं, जो आपकी लोकेशन के पास भी हो और साथ ही खूबसूरत भी हो। वहीं अपने शहर से दूर घूमने गए लोग हमेशा पूरी प्लानिंग करने के बाद जाते हैं। क्योंकि लंबे ट्रिप पर निकले लोग आसपास की जगहों को भी एक्सप्लोर करते हैं। ऐसे में अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगहें ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।



## मणिकर्ण

बता दें कि मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 100 किमी के अंदर है। आप यहां पर 2रू30 से 03रू00 घंटे में पहुंच जाएंगे। मनाली घूमने गए लोगों को आसपास की जगहों को कवर करना चाहिए। इससे न तो ज्यादा खर्च आएगा और न ही आपको लोकेशन तक पहुंचने पर अधिक समय लगेगा। मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 79 किमी दूर है। आप मणिकर्ण पहुंचकर कसोल भी जा सकते हैं। कसोल और मणिकर्ण की बीच की दूरी करीब 20 मिनट की है।

## कसोल

मनाली घूमने वाले लोगों को कसोल भी आना चाहिए। क्योंकि यह जगह मनाली से 100 किमी से भी कम दूरी पर स्थित है। अगर आपको ट्रैफिक नहीं मिलेगा, तो आपको यहां पहुंचने में करीब 2 घंटे का समय लगेगा। मनाली से कसोल की दूरी करीब 75 किमी है। बता दें कि कसोल और कसोली 2 अलग-अलग जगहें हैं। जिसमें कसोल ऊंचाई पर स्थित है और यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह जगह अपनी सुकून और शांति के लिए जाना जाता है।

## रोहतांग पास

मनाली के पास सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जगह रोहतांग पास है। मनाली घूमने जाने वाले लोग रोहतांग पास घूमने जरूर जाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि मनाली से अधिक दूर नहीं है। इसलिए लोगों को यहां पर पहुंचने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। मनाली से रोहतांग पास की दूरी करीब 50 किमी है। आप यहां पर 2 घंटे में आसानी से पहुंच जाते हैं और यहां पहुंचने में अधिक खर्च नहीं आने वाला है। ऐसे में अगर आप भी मनाली घूमने जा रहे हैं।

# हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड एनोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्रहित कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्येक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है।

ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**स्रोत फीचर्स**



**ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### नवलनी को जेल में जहर दिया गया था: यूलिया

**लंदन।** रूस में विपक्ष के नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी की पत्नी ने कहा है कि 2024 में आर्कटिक दंड कॉलोनी में जेल की सजा काटते समय उन्हें जहर देकर मार दिया गया था। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में यूलिया नवलनया ने कहा कि दो देशों की प्रयोगशालाओं द्वारा तस्करी किए गए जैविक नमूनों के विश्लेषण से पता चला है कि उनके पति की 'हत्या' की गई थी। उन्होंने कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए जहर, नमूनों या विश्लेषण के बारे में विवरण नहीं दिया, लेकिन दोनों प्रयोगशालाओं को अपने परिणाम प्रकाशित करने की चुनौती दी। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भ्रष्टाचार के विरोध में अभियान चलाने वाले और रूस के सबसे मुखर विपक्षी नेता का 16 फरवरी 2024 को 47 वर्ष की आयु में जेल में अचानक निधन हो गया था।

### अमेरिकी एनआईएच का पूरे स्वास्थ्य के लिए शोध अभियान

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने बुधवार को एक नई शोध पहल की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य के अध्ययन को आगे बढ़ाना और स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं का एक एकीकृत ज्ञान नेटवर्क बनाना है। यह पांच वर्षीय शोध कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा, जिसमें मौजूदा वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करके स्वस्थ मानव शरीर क्रिया विज्ञान का एक संपूर्ण, कार्यशील मॉडल विकसित किया जाएगा। एनआईएच के अनुसार, आगे के चरणों में रक्तचाप, रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल जैसे सामान्य नैदानिक जांचों को प्रमुख शारीरिक क्रियाओं से जोड़ा जाएगा। एनआईएच के एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र की निदेशक हेलेन एम. लैंगविन ने कहा कि स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं को संपूर्ण शरीर ज्ञान नेटवर्क में व्यवस्थित करके, शोधकर्ता स्वास्थ्य से संबंधित वैज्ञानिक प्रश्नों का एक नए तरीके से पता लगा सकेंगे।

### सिडनी हवाई अड्डे पर 'खसरे' का अलर्ट जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिडनी हवाई अड्डे पर खसरे का अलर्ट जारी किया है। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति की सूचना मिली है जो यात्रा के दौरान संक्रमित हो गया था। पूर्वी तटीय राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार रात जारी एक अलर्ट में कहा कि यह संक्रमित व्यक्ति हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) से लौटा है, जहां खसरे का सक्रिय प्रकोप है और संक्रमित होने के दौरान उसने राज्य के उत्तरी क्षेत्र में कई स्थानों का दौरा किया था। बारह सितम्बर को वाशिगटन की राजधानी पर्थ से सिडनी जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों, साथ ही उसी दिन सिडनी से गोल्ड कोस्ट हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लक्षणों के विकास पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

# पाक-आर्मी चीफ ने सैनिकों को आंतकियों के जनाजे में भेजा

## जैश कमांडर बोला: जवानों ने वर्दी में अंतिम सलामी दी, ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए थे

**कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सैन्य अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का आदेश दिया था।

यह खुलासा आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद के प्रमुख कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने किया है। कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहा है कि जनरल हेडक्वार्टर ने शहीदों को सम्मानित करने और अंतिम सलामी देने का आदेश दिया है। कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया। कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी। इसमें सैनिक मारे गए आतंकी के अंतिम संस्कार में शामिल दिखाई दिए थे।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग भारत के हमले में मारे गए आतंकियों के नमाज- ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था। मसूद इलियास कश्मीरी ने अपने बयान में यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद और बहावलपुर के आतंकी कैंपों के बीच के संबंधों को छिपाने की पूरी कोशिश की। यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तान बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर यह दावा करता रहा है कि उसके देश में कोई आतंकी कैंप नहीं चल रहा है। पाकिस्तान सरकार और सेना ने हमेशा बहावलपुर में जैश के कैंपों के होने से इनकार किया है। इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा के उप-प्रमुख सैफुल्लाह कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी।

**कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी**

सैफुल्लाह 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में, कसूरी ने चेतावनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की कोशिशें की जाएगी। कसूरी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान सरकार और सेना आतंकवादी संगठन को मुरीदके में अपना मुख्यालय फिर से बनाने के लिए धन मुहैया करा रही है, जिसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह कर दिया गया था।



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) चुनाव में मतदान के लिए नॉर्थ कैंपस में कतार में खड़ी छात्राएं।

# लगातार इजरायली बमबारी फलस्तीन पर पड़ रही भारी

**महिलाएं बिना अस्पालों, डॉक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय सहायताकर्ताओं ने कहा कि गाजा शहर में बढ़ती इजरायली बमबारी और जमीनी कार्रवाई फलस्तीनियों पर लगातार भारी पड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा शहर के रंतिसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल पर रात भर कई बार हमला किया गया। इस अस्पताल में 80 मरीज थे, जिनमें 12 बच्चे और शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में थे।

आधे मरीज और उनके देखभाल करने वाले सुरक्षा की तलाश में गोलीबारी के बीच भागने को मजबूर हुए। संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा कि गाजा में इजरायली सैन्य अभियान के कारण महिलाएं बिना अस्पतालों, डाक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं। इसमें कहा गया है कि 23 हजार महिलाएं बिना देखभाल के रह रही हैं और हर हफ्ते लगभग 15 बच्चे बिना किसी चिकित्सा सहायता के पैदा हो रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उसके मानवीय सहयोगियों ने बताया है कि मार्च में युद्धविराम टूटने के बाद से, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान करने वाले 80 चिकित्सा केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 65 सेवा से बाहर हैं।

# लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर- ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें।



**अफगानिस्तान को आतंक मुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत**

यह संदेश भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया। हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### ब्रिटेन में ट्रम्प के राजकीय दौरे का विरोध

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राजकीय दौरे के विरोध में हजारों लोगों ने लंदन की सड़कों पर प्रदर्शन किया। इस रैली को 'स्टॉप ट्रम्प कोएलिशन' नामक संगठन ने निकाला। इसमें 50 से ज्यादा यूनियन और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने लंदन के पोर्टलैंड प्लेस से संसद भवन चौराहे तक रैली निकाली। लंदन मेट्रोपालिटन पुलिस के मुताबिक करीब 5000 लोग इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सुरक्षा के लिए 1600 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। लोगों ने विरोध के लिए हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इन पर 'ट्रम्प नाट वेलकम', 'नो टू रेसिज्म' और 'स्टॉप आर्मिंग इजराइल' यानी इजरायलको हथियार देना बंद करो, लिखा था। कई लोग ट्रम्प बेबी ब्लिम्प नाम के कास्टयूम के साथ भी पहुंचे। यह कास्टड्रूम 2019 में मशहूर हुआ था।

# ट्रम्प ने भारत-पाक समेत 23 देशों को ड्रग तस्कर बताया

## कहा: ये खतरनाक केमिकल बना रहे, इससे अमेरिका में इजरजेंसी जैसे हालात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 23 देशों को ड्रग तस्करी और अवैध ड्रग प्रोडक्शन करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल किया है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, कोलंबिया, बोलिविया और वेनेजुएला जैसे देश शामिल हैं।



ट्रम्प ने अमेरिकी संसद को सौंपी गई 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन रिपोर्ट' में कहा कि इन देशों में अवैध ड्रग्स उत्पादन और तस्करी अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने कहा कि ड्रग तस्करी, खासकर फेंटेनाइल जैसे घातक ड्रग्स ने अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। यह पब्लिक हेल्थ संकट का कारण बन रहा है और 18 से 44 साल के अमेरिकियों की मौत की प्रमुख वजह है। ट्रम्प ने कहा कि चीन फेंटेनाइल जैसे खतरनाक ड्रग्स बनाने वाले केमिकल का सबसे बड़ा सोर्स है। इसके साथ ही वो मेथामफेटामाइन जैसे अन्य नशीले पदार्थों को भी बढ़ावा दे रहा है। ट्रम्प ने चीन से इन रसायनों को रोकने और तस्करों पर कार्रवाई करने को कहा। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान, बोलिविया, म्यांमार, कोलंबिया, और वेनेजुएला जैसे देश ड्रग्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। इन देशों से ड्रग कंट्रोल के लिए और सख्त कदम उठाने की मांग की गई है। हालांकि मंत्रालय ने क्लियर किया कि इस लिस्ट में किसी देश का नाम होने का मतलब यह नहीं कि उसकी सरकार ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ट्रम्प ने अफगानिस्तान पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तालिबान ने अवैध ड्रग्स पर प्रतिबंध का ऐलान किया था, लेकिन ड्रग्स का भंडार और मेथामफेटामाइन का प्रोडक्शन जारी है।

### पेन्सिलवेनिया में गोलीबारी, तीन पुलिस अधिकारियों की मौत, दो घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वोत्तर राज्य पेन्सिलवेनिया के यॉर्क काउंटी में बुधवार दोपहर हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी। सीबीएस न्यूज ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे यॉर्क काउंटी के नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में घटी है। चार अधिकारी उत्तरी यॉर्क काउंटी क्षेत्रीय पुलिस विभाग से थे, जबकि पांचवा यार्क काउंटी के डिप्टी शेरिफ है। अधिकारियों ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के कारण तीन अधिकारियों की मौत हो गई और दो का इलाज चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार पुलिस अधिकारी उस क्षेत्र में वारंट की तामील कर रहे थे, तभी एक संदिग्ध ने बंदूक निकाली और उन पर गोली चला दी।

# सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम सुरक्षा समझौता

## दोनों मिलकर हमले का जवाब देंगे, दावा: एटमी हथियार को भी इस्तेमाल शामिल

**रियाद।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।

सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के यमामा पैलेस में हुई इस बैठक में क्राउन प्रिंस और शहबाज शरीफ ने चर्चा की।



**दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा**

**इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा**

शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है। इजरायलने 9 सितम्बर को कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-ह"या को निशाना बनाकर हमला किया था। इस हमले में अल-हय्या बच तो गया था, लेकिन 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 14 सितम्बर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जाइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जाइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के राजदूत रह चुके जलमय खलीलजाद ने भी इस समझौते पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता हालांकि औपचारिक 'संधि' नहीं है, लेकिन इसकी गंभीरता को देखते हुए यह एक बड़ी रणनीतिक साझेदारी मानी जा रही है।

# पूर्व पीएम देउबा की पिटाई से डरे ओली का इस्तीफा

**सेना ने कहा: पहले इस्तीफा दो, फिर भागने के लिए हेलिकॉप्टर मिलेगा नेपाली मीडिया का दावा**

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने गेन-जेड युवाओं के प्रदर्शन के दौरान 9 सितम्बर इस्तीफा दे दिया था। नेपाली न्यूज पोर्टल उकेरा ने दावा किया है उनके इस्तीफे से पहले प्रदर्शनकारियों ने 9 सितम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर में घुसकर मारपीट की थी, जिससे ओली डर गए थे।

इसके बाद ओली ने नेपाल सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल को फोन करके भागने के लिए हेलिकॉप्टर मांगा था। लेकिन सिग्देल ने उनके सामने शर्त रखी थी कि पहले इस्तीफा दो, तभी हेलिकॉप्टर मिलेगा। ओली इतनी हड़बड़ी में पीएम आवास से भागे थे कि उप-प्रधानमंत्री बिष्णु पौडेल भी पीछे छूट गए थे, क्योंकि हेलिकॉप्टर में जगह नहीं थी। 9 सितम्बर की रात को सेना ने देश की कमान अपने हाथ में ले ली थी, जिसके बाद कुछ हद तक हालात कंट्रोल में आए।

WALK IN INTERVIEW

Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)

Principal / H.O.D - 01

Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.

Qualification and Salary:

As per NCTE Regulation 2014/
SCERT U.P./U.P. Govt. Norms
Appear for Interview on
29/09/2025 at 10:00 AM with Resume & Original Document with Colour Photograph in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.) .

ISLAMIA DEGREE COLLEGE
DEOBAND

Email: idcdeoband@gmail.com
Mob. : 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

# बांग्लादेश पहुंचे 120 अमेरिकी सैनिक

## बिना अपना नाम रजिस्टर किए चटगांव के होटल में ठहरे

**ढाका।** अमेरिका से 120 सैनिक 10 सितम्बर को जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए बांग्लादेश पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये सैनिक चटगांव के 5 स्टार रैडिसन ब्लू होटल में ठहरे हैं। यहां उनके लिए 85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, लेकिन होटल के रजिस्टर में उनके नाम नहीं हैं। ये सैनिक 20 सितम्बर को वापस जाएंगे।

इसके बाद मिस्र का एक सैन्य विमान 14 सितम्बर को चटगांव के शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरा। इसके अगले दिन अमेरिकी सैनिकों ने बांग्लादेश वायुसेना के पटेंगा एयर बेस का दौरा किया। पहले भी अमेरिकी और बांग्लादेशी सेना ने 'टाइगर लाइटनिंग' और 'ऑपरेशन लाइटनिंग' नाम से दो मिलिट्री एक्सरसाइज की थी। इनका मकसद दोनों देशों की सेनाओं का आपसी तालमेल बढ़ाना और शांति मिशनों की तैयारी करना था। इस साल की शुरुआत में सिलहट के जलालाबाद कैंटोनमेंट में बांग्लादेश सेना और अमेरिकी सेना के पैसफिक कमांड (यूएसएआरपीएसी) के बीच टाइगर लाइटनिंग-2025 अभ्यास हुआ था। यह अभ्यास शांति स्थापना, क्षेत्रीय सुरक्षा और आपसी सहयोग पर केंद्रित था। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान अभ्यास से पहले कतर और थाईलैंड की अग्रिम टीमें चटगांव भेजी गई थीं।

**85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, मिलिट्री एक्सरसाइज में हिस्सा लेंगे**

विमानन ट्रैकर्स ने पुष्टि की कि अमेरिकी सेना अपने साथ दो बड़े अमेरिकी सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान, जिनमें से एक का काल साइन वाईजे-692 था, शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरे। ये सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान हैं, जो सामरिक हवाई परिवहन, राहत मिशन और विशेष अभियानों के लिए जाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कि ये विमान किसी भी मौसम में और बिना पक्के रनवे के काम कर सकते हैं। पिछले महीने अमेरिकी सेना के अधिकारी की ढाका में लाश मिली थी ढाका के वेस्टिन होटल में 31 अगस्त को अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के एक अधिकारी टेरेन्स अरवेल जैक्सन की संदिग्ध स्थितियों में मौत हो गई थी।

### बोल्सोनारों को त्वचा कैंसर के इलाज के बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को त्वचा कैंसर का पता चलने और इलाज के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। राजधानी ब्रासीलिया स्थित जिस अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, उसने यह जानकारी दी। डीएफ स्टार अस्पताल के अनुसार, अंतःशिरा जलसेक उपचार के बाद बोल्सोनारो के लक्षणों में सुधार हुआ है लेकिन उन्हें अभी भी नैदानिक अनुवर्ती और नियमित समीक्षा की आवश्यकता है। अस्पताल ने उनके शरीर से निकाले गए त्वचा के घावों की रोग संबंधी जांच की। चिकित्सा रिपोर्ट से पता चला कि आठ त्वचा के घावों में से दो 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा इन सीटू' से संबंधित हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108